


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 12 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-044 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के चार अधिकारी इंपैनल

**रायपुर,12 मई।** केंद्र सरकार ने देशभर में भारतीय पुलिस सेवा के 65 अधिकारियों को आईजी अथवा समकक्ष पदों पर इंपैनल करते हुए प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली बुलाया है. जिसमे छत्तीसगढ़ कैडर के चार आईपीएस अफसर शामिल है. केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में बुलाए गए 65 आईपीएस अफसरों में 2003 से 2006 बैच के 8 अफसर और 2007 बैच के 57 अफसर शामिल हैं. इस सूची में छत्तीसगढ़ के 2007 बैच के आईपीएस रामगोपाल गर्ग, आईपीएस दीपक झा, आईपीएस जितेन्द्र सिंह मीणा और आईपीएस अभिषेक शाडिल्य का नाम शामिल है.

### बाइक-बोलेरो में टक्कर,5 घायल

**खैरागढ,12 मई।** खैरागढ़-धमधा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक और बोलेरो की भिड़ंत में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, निराशा वर्मा, उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गेंड्रा, भुनेश्वरी वर्मा, उम्र 13 वर्ष निवासी ग्राम अछोली, मेमन वर्मा, उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भीमपुरी, काव्या वर्मा, उम्र 8 वर्ष व पूरब वर्मा, उम्र 7 वर्ष निवासी ग्राम भीमपुरी बाइक से ग्राम गेंड्रा जा रहे थे. तभी अछोली मोड़ के पास खैरागढ़ की ओर से आ रही बोलेरो कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर से बाइक सवार सभी लोग दूर जा गिरे, सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया.

### बेलोरो और आर्टिका की टक्कर

**सक्ती,12 मई।** जिले के हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत परसदा चौक में बीती रात एक सड़क हादसा हो गया। घटना करीब रात 11 बजे की बताई जा रही है, जब बेलोरो और आर्टिका वाहन आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बेलोरो वाहन मौके पर ही पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेलोरो वाहन सारंगढ़ से जशपुर की ओर जा रही थी, जबकि आर्टिका सरसींवा से पिसौद की ओर जा रही थी। दोनों वाहनों की तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही हसौद थाना प्रभारी अनवर अली मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परसदा चौक पर रात्रि के समय तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने वहां ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग की है।

### त्रिवेणी संगम में मिला अधेड़ का शव

**राजिम,12 मई।** त्रिवेणी संगम में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्नान करने गए लोगों



ने नदी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव देखा। घटना की सूचना मिलते ही राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर जांच शुरू कर दी गई। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव की तस्वीरें आसपास के इलाकों में सर्कुलेट कर शिनाख्त की कोशिशें तेज कर दी हैं। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि घटना से जुड़ी अहम सुराग जुटाए जा सकें। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।



## किंग कोहली का टेस्ट क्रिकेट से विराट संन्यास

**नई दिल्ली,12 मई।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड दौरे से पहले कप्तान रोहित शर्मा ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब विराट कोहली ने भी आधिकारिक तौर पर रेड बॉल क्रिकेट से अपने संन्यास की पुष्टि कर दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने टेस्ट रिटायरमेंट की जानकारी दी। बता दें कि विराट और रोहित ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से भी साथ में रिटायरमेंट लिया था। विराट ने अपने इंस्टा पर लिखा है- 269 signing off- 269 उनका टेस्ट कैप का नंबर है। वे इंग्लैंड दौरे पर अब नहीं जाएंगे। अपने रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है। शांत परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल, जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं।

विराट कोहली आगे लिखते हैं, मैं इस फॉर्मेट से दूर हो रहा हूं, लेकिन यह आसान नहीं है। हालांकि, यह सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है, और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज़्यादा दिया है। मैं दिल से आभार के साथ जा रहा हूं - खेल के लिए, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया और हर एक व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस दौरान देखा। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। विराट कोहली ने 20 जून 2011 को अपना टेस्ट डेब्यू वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। वहीं, आखिरी मुकाबला उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खेला, जो सिडनी में 3 जनवरी 2025 से खेला गया था। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैचों की 210 पारियों में कुल 9230 रन बनाए। इसमें सात दोहरे शतक समेत कुल 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 46.85 का रहा है, जबकि स्ट्राइक रेट 55.58 का था। 13 बार वे इस फॉर्मेट में नाबाद रहे। 1027 चौके और 30 छक्के उन्होंने अपने टेस्ट करियर में जड़े।

## हैदराबाद की कराची बेकरी में तोड़फोड़

**हैदराबाद,12 मई।** प्रसिद्ध कराची बेकरी में तोड़फोड़ की गई है। भारत माता की जय का नारा लगाते हुए कुछ लोग कराची बेकरी में घुस आए। इसके बाद बवाल मचाते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अराजक तत्वों को बेकरी से बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच यहां बीते दिनों से रोज हो प्रदर्शन हो रहा है। कोई न कोई संगठन, हिंदू संगठन और स्थानीय लोग कराची बेकरी का नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। हाथों में तिरंगा लिए और गले में भगवा गमछा डाले लोग कराची बेकरी के सामने पहुंचकर नारेबाजी कर रहे हैं।

## बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक उपक्रमों को रियायती दर पर मिलेगी जमीन

**रायपुर,12 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए बायो-सीएनजी प्लांट लगाए जाएंगे. रायपुर, भिलाई समेत आठ निकायों में जमीन का चिन्हांकन किया जा चुका है. इन स्थानों पर बीपीसीएल और गेल 800 करोड़ का प्लांट लगाएंगे. उल्लेखनीय है कि पिछले 17 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में बायो- सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक उपक्रमों को एक रुपये प्रति वर्गमीटर की रियायती दर पर भूमि आबंटित किए जाने का निर्णय लिया गया था. कैबिनेट के निर्णय के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जमीन आबंटन को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं. बीपीसीएल और गेल कंपनी को एक रुपए वर्गमीटर में 10 एकड़ जमीन 25 साल की लीज पर दी जाएगी. जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट का प्रसंस्करण इन संयंत्रों में किया जाएगा. भारत में उपयोग होने वाले सीएनजी का लगभग 46



फीसदी वर्तमान में आयात किया जाता है और सरकार का लक्ष्य बायो-सीएनजी के उत्पादन और खपत के माध्यम से इस निर्भरता को कम करना है. बायो सीएनजी, जिसे बायो कंप्रेस्ड नेचुरल गैस भी कहा जाता है. इसका उपयोग मुख्य रूप से वाहनों के ईंधन आऔर घरेलू ऊर्जा के रूप में किया जाता है. साथ ही सीएनजी वाहनों को ईंधन देने के लिए, एलपीजी के विकल्प के रूप में खाना पकाने और हीटिंग के लिए, बिजली उत्पादन के लिए, कुछ उद्योगों में हीटिंग और अन्य प्रक्रियाओं के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है. केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का अनुमान है कि भारत में बायो-सीएनजी उत्पादन की क्षमता लगभग 70 मिलियन मीट्रिक टन है. इसका उत्पादन बाजार की मांग के अनुरूप है, जिससे यह आर्थिक रूप से पूरी तरह व्यवहारिक है. बायोसीएनजी का उत्पादन जैविक अपशिष्ट पदार्थों जैसे पशु अपशिष्ट, खाद्य अपशिष्ट और औद्योगिक कीचड़ को बायोगैस और डाइजेस्टेट में तोड़कर किया जाता है. यह प्रक्रिया एक सीलबंद, ऑक्सीजन रहित टैंक में होती है, जिसे एनारोबिक डाइजेस्टर भी कहा जाता है. फिर बायोगैस को संसाधित किया जाता है, जिससे 95 फीसदी शुद्ध मीथेन गैस प्राप्त होती है. इस प्रक्रिया से उच्च गुणवत्ता वाला सांद्रित तरल उर्वरक प्राप्त होता है. नगरीय प्रशासन विभाग के अनुसार प्रदेश के आठ स्थानों पर जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है. इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी. एक महीने के भीतर ही इसका टेंडर फाइनल करने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा. इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## भारत अब सहन नहीं करेगा : भाजपा

**नई दिल्ली,12 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद, भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे पर अपनी पहली आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की. पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना और सरकार की प्रशंसा की. उन्होंने इसे केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक दृष्टिकोण का प्रतीक भी बताया. संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में कहा कि वह यहां केवल भाजपा के प्रवक्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक गर्वित भारतीय के रूप में उपस्थित हैं. उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि एक स्पष्ट, सटीक और निर्णायक संदेश के रूप में प्रस्तुत किया. पात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय सेना की क्षमता, तत्परता और राजनीतिक नेतृत्व के दृढ़ निर्णय का प्रतीक है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पानी और खून एक साथ नहीं हो सकते. पाकिस्तान ने इस मामले में काफी सोच-विचार किया, लेकिन वह यह नहीं जान सका कि भारत किस दिन हमला करेगा. भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब केवल प्रतिक्रियात्मक देश नहीं रहा, बल्कि अपनी सीमाओं और संप्रभुता की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रहा है. उन्होंने यह भी बताया

## पाकिस्तान के कई ठिकाने तबाह : सेना

**नई दिल्ली,12 मई।** तीनों सेना के डीजीएमओ ने आज साझा प्रेस ब्रीफिंग में आपरेशन सिंदूर तथा ताजा हालात की जानकारी दी। डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने उपस्थित थे।

सबसे पहले लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा- भारतीय सेना ने पाकिस्तान और PoK स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ।'ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई



की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और LoC पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं। मुरीदके के टेररिस्ट कैंप के बाद बहावलपुर ट्रेनिंग कैंप में कई इन्फ्रास्ट्रक्चर को चुना, जहां आतंकवाद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था। इन 2 टेररिस्ट कैंप को हमने टारगेट बनाया और इन्हें तबाह किया। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है।' हमने कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान सेना ने दखलंदाजी की, हमने उसका जवाब दिया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया, 'पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं. एयर मार्शल एके भारती ने बताया, हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिनिमम रखी, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टु एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल है। हम पर ड्रोन और ua1 से हमला किया गया है।

## मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार मुआवजा

**रायपुर,12 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा इलाके में बीती रात दिल दहला देने वाला भीषण सड़क हादसा हुआ. छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरी माजदा दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई. हादसे में 13 लोगों की मौत हुई, जबकि 14 लोग घायल हो गए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे में मारे गए ग्रामीणों के प्रति शोक व्यक्त किया है और घायलों के इलाज के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की घड़ी में आर्थिक सहायता के लिए 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मृत्यु और 14 लोगों घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है. घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है. संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है. राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की है. ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.

### नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत ने जताया दु:ख

खरोरा सड़क हादसे को लेकर नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत की प्रतिक्रया सामने आई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खरोरा बंगोली के पास हुए भीषण सड़क हादसे की खबर अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है. इस हृदयविदारक घटना में सभी मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं.

## भारत के 32 हवाई अड्डों पर परिचालन फिर से शुरू

**नई दिल्ली,12 मई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच तनाव कम होने के बाद भारत के नागरिक उड्डयन




मंत्रालय (डीजीसीए) ने देश के उत्तरी एवं पश्चिमी हिस्सों में स्थित 32 हवाई अड्डों से नागरिक उड़ानों पर लगाई गई रोक को हटा दिया है। 15 मई 2025 को 05-29 बजे तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद किए गए 32 हवाई अड्डों पर परिचालन फिर से शुरू हो गया है। सभी अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमानों के लिए खुल गए हैं। बता दें कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन प्राधिकरणों को कई 'नोटिस टु एयरमैन (नोटम)' जारी कर 15 मई को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक 32 हवाई अड्डों से नागरिक उड़ानों पर लगाई गई रोक लगा दी गई थी। इसमें उधमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपुरा, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नलिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोईस और उत्तरलाई शामिल थे।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए चार ग्रामीण भालू के हमले से घायल

**कवर्धा,12 मई।** कबीरधाम जिले के ग्राम थुवापानी के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान ग्रामीणों पर दो भालुओं ने अचानक हमला कर दिया, जिससे चार ग्रामीण घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, खिलेश्वर साहू, , मोहन ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

## सीजफायर पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली,12 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होते ही एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है. कांग्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ के सीजफायर के एलान से लेकर पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को लेकर सरकार से सवाल कर रही है. कांग्रेस की ओर से अबकी बार मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने संभाला है. छत्सीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. जब भी संकट आया कांग्रेस ने राजनीति की बजाय देशहित को आगे रखा. 1971 में अमेरिका के दबाव के बावजूद इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए. उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ाई में राजनीति नहीं राष्ट्रवाद चाहिए. दुश्मन के सामने कमजोरी नहीं ताकत दिखाएं. सरकार बताए कि क्या अमेरिका के दबाव में हममें अपनी नीति बदल दी? कांग्रेस ने अपने तमाम कार्यक्रम रद्द किए. संकट के समय जब पूरा देश एकजुट था तब सोशल मीडिया पर बीजेपी नेता राजनीतिक बयानबाजी कर रहे थे. कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन हम पारदर्शिता की मांग करते हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सीज फायर का ऐलान क्या कूटनीतिक नाकामी नहीं है? क्या हमनें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार कर ली? क्या शिमला समझौता रद्द हो गया? हम आतंक के खिलाफ लड़ रहे थे, बीच में कश्मीर का मुद्दा आ गया! संसद का विशेष सत्र बुलाकर बताया जाए कि संघर्ष विराम की शर्तें क्या हैं? सर्वदलीय बैठक बुलाकर शंकाओं का समाधान किया जाए. भूपेश बघेल ने सीजफायर के साथ-साथ पहलगाम आतंकी हमले पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी प्रवक्ता का ये कहना कि बदला ले लिया गया है, जो कई सवाल उठाता है. पहलगाम के चारों आतंकियों का क्या हुआ? वो पकड़े गए या मारे गए? सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी किसकी है?



### कैप्सूल वाहन से भिड़ी बाइक, नाबालिग की मौत

**रायगढ़,12 मई।** शादी समारोह से घर वापसी के दौरान एक नाबालिग की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, कैप्सूल वाहन से आमने-सामने टक्कर होने से किशोर इस कदर जख्मी हुआ कि मेकाहारा में सघन इलाज कब बावजूद वह जिंदगी से जंग हार गया और मौत उसे असमय साथ ले गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मूलतः सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसींवा के सतनामी मोहल्ले में रहने वाला अभय भास्कर पिता भरथरी भास्कर (15 साल) गत 5 मई को एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मोटर सायकिल (क्रमांक - सीजी 04 केआर 6081) से ग्राम मनपसार गया था। शादी समारोह का लुत्फ उठाने के बाद अभय देर रात लगभग 11 बजे घर वापसी के लिए रवाना हुआ। इस दौरान रात तकरीबन 12 बजे विपरीत दिशा से आ रहे कैप्सूल वाहन (क्रमांक - एनएल 61 एल 3108) को किशोर ऐन मौके पर देख नहीं सका और दोनों गाड़ियां आपस मे टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कैप्सूल वाहन की जबर्दस्त टक्कर से बाइक के क्षतिग्रस्त होने के साथ उसका नाबालिग चालक भी बुरी तरह चोटिल हो गया। चूंकि, अभय के दाहिने पांव के अलावे शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई, इसलिए राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे सारंगढ़ के अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की हालत में चिंताजनक गिरावट को देख चिकित्सकों ने रायगढ़ रेफर कर दिया।

### क्रिकेट : इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सत्र अब समाप्ति की ओर

jasclaudius@gmail.com

## इस संस्करण में नीरस खेल ने किया निराश

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

22 मार्च से आरंभ क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतियोगिता धीरे-धीरे फायनल की ओर बढ़ रही है। 2008 से आरंभ क्रिकेट की इस पहली लीग ने भारत ही नहीं बल्कि दक्षिण एशिया के कई देशों में अपने पैर जमा लिए हैं। इस स्पर्धा की खूबी यह है कि इसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए, स्थापित खिलाड़ियों की उपस्थिति होती है। 17वें संस्करण में 10 टीम भाग ले रही है। इसमें कई विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर टीम तैयार की जाती है। एक टीम में लगभग 25 खिलाड़ी हो सकते हैं। परंतु खेलने के समय एक बार में विदेशी खिलाड़ी किसी टीम में चार से अधिक नहीं हो सकते। फ्रेंचायसी तय करते हैं कि टीम के कप्तान, कोच, सपोर्ट स्टाफ आदि में किसे लिया जाए। फिर हम कह सकते हैं कि मुकाबला के पूर्व फ्रेंचायसी द्वारा बोली लगाकर खरीदे गये खिलाड़ियों में से किसे टीम में लिया जाए या नहीं। वैसे तो वास्तविक रूप से क्रिकेट का असली रूप टेस्ट मैच में दिखता है परंतु दे दना दन की तर्ज पर खेले जाने वाले टी-20 में क्रिकेट को समझ पाना बहुत मुश्किल है। 2024 के इंडियन प्रीमियर लीग में दस टीम भाग ले रही है जिसमें से चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रायल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियनशिप से बाहर हो चुकी है। पहले चार स्थान में




जगह बनाने के लिए अब 5 टीम गुजरात टाइटंस, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, मुम्बई इंडियन, दिल्ली कैपिटल के बीच मुकाबला है। क्रिकेट के खेल में वैसे भी पहले से कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। लेकिन यह साफ है कि 2024 का यह 17वां सत्र अब तक हुई स्पर्धा में सबसे कम प्रभाव डालने वाली साबित हुई है। 58 में से 11 मुकाबले में दोनों टीम ने 200-200 रन का स्कोर खड़ा किया। सबसे बड़ी जीत सनराइजर्स हैदराबाद की हुई जबकि उन्होंने पंजाब किंग्स इलेवन के 245 रन के लक्ष्य को 247 रन बनाकर प्राप्त कर लिया। हैदराबाद की टीम ने राजस्थान रायल्स के विरुद्ध 286 रन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया तो आश्चर्यजनक ढंग से पिछली विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब द्वारा दिए गये 112 रनों के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका और सिर्फ 95 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव ने 12 मैच में 510 रन, साई सुदर्शन ने 509 रन, शुभमन गिल ने 508 रन, विराट कोहली ने 505 तथा जोस बटलर ने 500 रन बनाये है। 53 मैच होते तक सिर्फ चार शतक क्रमशः प्रियांश आर्य, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ने लगाये हैं। इससे स्पष्ट है कि इस सत्र में बल्लेबाजों ने कोई खास दम खम नहीं दिखाया। इसी तरह प्रसिद्ध कृष्णा और अफगानिस्तान के नूर अहमद ने 20-20 विकेट लिया है। आईपीएल के 2024 के संस्करण में बचे हुए मैच में अगर बल्लेबाजों, गेंदबाजों ने कुछ अप्रत्याशित खेल का प्रदर्शन नहीं किया तो यह इस क्रिकेट लीग के लिए अच्छा संकेत नहीं है। दर्शक अपनी जेब से पैसा खर्च करके जब मैच देखते हैं तो फिर उन्हें रोमांचक खेल की उम्मीद होती है। संभल-संभलकर और धीरे-धीरे खेलने के कारण इस चैंपियनशिप की रोचकता खत्म हो रही है। खिलाड़ी कोई जोखिम नहीं उठाना चाह रहे हैं जबकि 20-20 ओवर के मुकाबले में दर्शक चौकों, छक्कों को देखना चाहते हैं। अतः बाकी बचे मैच में खिलाड़ियों को आक्रामक और असरदार खेल का प्रदर्शन करना होगा अन्यथा इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में एक नये युग की शुरुवात हो सकती है।

# दुर्ग रेलवे स्टेशन, सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में की गई बम की तलाश

## भारत-पाकिस्तान के बीच की मौजूदा हालातों के मद्देनजर मॉकड्रिल, डॉग स्क्वाड के साथ बम डिस्पोजल स्क्वाड ने किया रिहर्सल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मई।** दुर्ग पुलिस को दुर्ग रेलवे स्टेशन सहित भिलाई शहर के सूर्या मॉल और सिविक सेंटर इलाके में बम होने की सूचना मिली। इसके साथ ही पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ तीनों जगहों पर पहुंचकर सघन जांच अभियान चलाया।

दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी भी जांच में शामिल रही। सूर्या मॉल के अंदर एक एक शो रूम और दुकानों सहित पार्किंग एरिया की बारीकी से जांच की गई। वहीं सिविक सेंटर क्षेत्र में खड़ी वाहनों की तलाशी ली। पुलिस को बम डिटेक्टर मशीन से तलाशी लेते देख मौजूद लोगों में अनहोनी का डर साफदिखने लगा। लेकिन जब मॉकड्रिल की जानकारी हुई तो सभी ने राहत की सांस ली।



ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे हमले को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस ने बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड के साथ मिलकर सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में रिहर्सल किया। सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि यह ब्लैक आउट और मॉकड्रिल की तरह एक रिहर्सल था। इसके लिए बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड की टीम को भी साथ लिया गया था। पुलिस को अचानक डमी इनपुट मिलता है कि दुर्ग स्टेशनए सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में बम रखा गया है। सूचना मिलने के महज कुछ मिनट के अंदर पूरी टीम वहां पहुंचती है। टीम सबसे पहले सूर्या मॉल पहुंची और वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित किया। मॉल और सिविक सेंटर में पार्क गाड़ियों की एक.एक कर चेकिंग की जाती है। इसके बाद वहां से बम को कोई सिग्नल ना मिलने के बाद टीम सीधे दुकानों और मॉल के अंदर जाती है।

वहां टीम एक एक दुकान में बम डिटेक्टर मशीन को लेकर घुसती है। हर एक बड़े और छोटे सामान की चेकिंग की जाती है। इसके साथ ही जो लोग वहां बैग और छोला लेकर घूम रहे होते हैं उनकी भी तलाशी ली जाती है। इस तरह का तलाशी अभियान दुर्ग रेलवे स्टेशन पर भी आरपीएफ व जीआरपी के साथ मिलकर चलाया गया। लोगों को बताया गया कि किस तरह इस तरह की संदिग्ध गतिविधि को देखकर अलर्ट हों और पुलिस को इसकी सूचना तुरंत दें।

रिहर्सल के दौरान स्मृति नगरए सुपेला और दुर्ग के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने मॉल में मौजूद लोगों को बताया कि ये भारत पाक युद्ध को देखते हुए एक तरह का रिहर्सल है। इसलिए पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों को उसी हालत से गुजारा जिस हालत में रियल बम मिलने पर किया जाता है और उस दौरान किस की सावधानी बरती जाती है।

## समाचार संक्षेप

### भिलाई में नरसिंह जयंती महोत्सव मनाया गया

**भिलाई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा 11 मई को नरसिंह जयंती महोत्सव का आयोजन प्रातः 6 बजे से किया गया। इस दौरान नरसिंह यज्ञ का आयोजन प्रातः 6 बजे किया गया और शाम 7बजे से भव्य उत्सव का आरंभ हुआ।जिसमें हरे कृष्ण मंत्र के उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात भगवान नरसिंह देव का पंचगव्य एवं विभिन्न फलों के रस से दिव्य अभिषेकम किया गया। भगवान की महा आरती के पश्चात दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। अंत में सभी भक्तगणों को भगवान का महा प्रसाद वितरित किया गया। ज्ञातव्य हो कि भगवान नरसिंह देव अपने भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा के लिए वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को प्रकट हुए। उन्होंने दैत्यराज हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा की। सर्वोच्च भगवान के पृथ्वी पर इस दिव्य अवतरण को भक्तगण संपूर्ण विश्व में अत्यंत धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन मंदिर में भगवान राधा कृष्ण का दिव्य चंदन अलंकार किया गया। संपूर्ण मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया।



### स्काउट-गाइड ने शीतल पेयजल से की राहगीरों की सेवा



**भिलाई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत स्काउट.गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से एक माह तक शीतल जल से राहगीरों की सेवा की गई। प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करना है इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए बीएसपी.शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने सभी राहगीरों को शीतल जल पिला कर उनकी थकान दूर की। ज्ञातव्य है कि भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में जारी प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से अनेक तरीकों से प्रेरित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे 9 मई शुक्रवार को शिखा दुबे जिला मुख्य आयुक्त स्काउट.गाइड ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आज जो सद्गुण हम जीवन में सीख रहे है उसे भविष्य में अपने कर्मक्षेत्र में कुशलतापूर्वक उतारकर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए स्काउट गाइड को जीवन निर्माण की पाठशाला निरूपित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट विजय सिंह पवार, सरिता शाक्य.जिला सचिव, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटिहार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आरके गुप्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं स्काउट गाइड सत्यनारायण साहू, डीओसी स्काउट कीर्तिलता देशमुख डीओसी गाइड मीनाक्षी अय्यर, वंदना सोनवाने, एसके साहू, पवन अग्रवाल वरिष्ठ व्याख्याता, डीके साहू, वरिष्ठ व्याख्याता, भिलाई विद्यालय से रजनी रजक सहित अन्य लोग, व पालकगण शामिल हुए।

> जारी है भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर

### समाधान शिविर में गर्भवती महिलाओं को दिया गया पोषण आहार

**भिलाई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण कर किया गया। जिसमें पार्षद दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, रामप्यारी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थी। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड क्र 09 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड ऋण् 05, 07, 09 एवं 10 के आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास हेतु 09 आवेदनए विद्युत विभाग के लिए 06 आवेदन, राजस्व विभाग हेतु 15 एवं खाद्य विभाग से संबंधित 06 आवेदन, नगर पालिका जामुल से संबंधित पर 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सफाई संबंधित कार्यो का समाधान तत्काल किया गया। समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपुत, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें। इसमें साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 38 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष विभाग द्वारा 67 लोगों को दवाई वितरण के साथ 07 हितग्राहियों का आधार अपडेट भी किया गया। अगला समाधान शिविर वार्ड 13 मंगल भवन में 16 मई को आयोजित होगा। जिसमें वार्ड 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



### रागिनी और हर्ष ने विद्यालय एवं अंचल को गौरवान्वित किया

**उतई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह, उतई के बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं में कु रागिनी सुपुत्री डोमन हिरवानी ने 94.66त्न लेकर विद्यालय एवं पूरे अंचल को गौरवान्वित किया। रागिनी पत्रकार डोमन हिरवानी की सुपुत्री है वह नर्सरी से होनहार छात्रा रही है। अपनी पढ़ाई समय निर्धारित कर सभी विषयों को समुचित ढंग से पढ़ती है। जिसके फल स्वरूप आज परिणाम दिख रहा है।जिनका श्रेय अपने माता पिता एवं अपने विद्यालय के शिक्षक गण को देती है। हिरवानी जी के बेटा हर्ष साहू भी कक्षा बारहवीं में दीपशिखा विद्यालय से उत्तीर्ण हुए है। जिन्हें बधाई देने वालो का तांता लगा है।हिरवानी जी के मित्र पत्रकार देवेंद्र पटेल कहते है कि ये दोनों बच्चे बचपन से पढ़ाई में मन लगा कर पढ़ रहे है और पढ़ाई में अव्वल आकर अपने माता पिता के नाम रोशन करने चाहते है। वहीं गौरव चंद्राकर 93.83त्न लेकर विद्यालय प्रावीण्य सूची में द्वितीय कु योगिता 93.5त्न तृतीय कु दीक्षा बारले गणित विषय शत-प्रतिशत अंक लेकर 92.50त्न से चतुर्थ रुद्र कुमार चंद्राकर 91.66त्न पांचवा कु मोक्षदा साहू 88.5त्न छठवां कु भावना 88त्न सातवां कु नियति साहू 85.33त्न आठवां कु कोहिना निर्मलकर 84.5त्न नौवां कु कुमकुम साहू 83त्न दसवां पुष्कर साहू, कु त्रिष्णा साहू 82.5त्न ग्यारहवां भोजराज साहू 82.33त्न बारहवां कु प्राची साहू 80.383त्न तेरहवां ओमिन 80.5त्न चौदहवां स्थान अर्जित किया तथा 22 विद्यार्थियों ने 75त्न से अधिक अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुए।



## एक नजर

### बीएसपी से कापर चोरी के मामले में पुलिस ने जब्त कार के मालिक को भी किया गिरफ्तार

**भिलाई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई इस्पात संयंत्र से पिछले दिनों 1 लाख 32000 रुपए की कापर चोरी के मामले में जब्त कार के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्टेशन मरोदा क्षेत्र का रहने वाला है। उसी ने कॉपर चोरी के लिए अपना कार इस्तेमाल करने दिया था। इस मामले में पूर्व में चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। रविवार को गिरफ्तार कार मालिक को भी रिमांड पर भेजा गया है। दरअसल यह पूरी घटना 24 अप्रैल की है। भिलाई इस्पात संयंत्र कापर चोरी कर ले जाते आरोपियों को पकड़कर भट्ठी पुलिस के सुपूर्द किया गया था। 220 किला कॉपर व नैनो कार जब्त किया गया था। इस घटना में प्रयुक्त वाहन स्वामी की पतासाजी किया जा रहा था। विवेचना के दौरान कार मालिक का पता लगाया गया। विजय कुमार साहू पिता सगरू राम साहू उम्र 38 साल निवासी स्टेशन मरोदा थाना नेवई को इस मामले में हिरासत में लिया गया। विजय कुमार ने बताया कि अपना नैनो वाहन चोरी के सामान को निकालने के लिए दिया था।



### आतंक के विरुद्ध पूरा देश एकजुट : गुप्ता

**भिलाई, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिव सेना के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों के ठिकानों पर निशाना बनाया आतंक के विरुद्ध पूरा देश एकजूट है भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है तीनों सेनाओं ने देश के गौरव को आगे बढ़ाया देश की आन बान शान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे भारत माता के खिलाफ़साजिश रचने वाले को जवाब मिला उसके आतंक के गढ़ को मिट्टी में मिला दिया भारत की बेटियों का सिंदूर छीनने वाले अपराधियों को छिपने के लिए कोई जगह ना बचे देश के कोने-कोने में छिपे आतंक के आकाओं का मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया।

### दो महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार 370 ग्राम गांजा बरामद

**कवर्धा, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी विमल लावनिया के नेतृत्व में दिनांक 11.05.2025 को कार्यवाही की गई। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि दो महिलाएं नेउरगांव तिराहा, कॉलोनी पारा पोड़ी क्षेत्र में घूम-घूमकर गांजा बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दोनों संदेहियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी महिलाएं हलिमा बी पति स्व. बशीर मोहम्मद, परवीन पति स्व. ईजराइल मोहम्मद, निवासी वार्ड क्रमांक 8, कुम्हार पारा, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम है। तलाशी के दौरान हलिमा बी के पास से काले रंग के बैग में 370 ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) की कुल 81 पुड़िया बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गांजा को घूम-घूमकर बिक्री करने की बात स्वीकार की।आरोपियों के विरुद्ध NDPS Act की धारा 20(B)(ii)(A) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## जल संरक्षण और किसानों की खुशहाली की ओर बढ़ रहा सहसपुर लोहारा

# बड़ौदा खुर्द और जगमड़वा जलाशय का निर्माण कार्य चल रहा तेजी से

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 मई।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में किसानों की बहुप्रतीक्षित उम्मीदों को अब आकार मिलता दिखाई दे रहा है। यहां बड़ौदा खुर्द और जगमड़वा जलाशय योजना का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है, जो न केवल हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज इन निर्माणाधीन जलाशयों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा से कोई समझौता न हो। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ गहन समीक्षा करते हुए यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह जलाशय परियोजना क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विगत वर्ष लगभग 20 गांवों के किसानों के साथ बैठक कर बांध निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा कि स्वयं ग्रामीणों के आग्रह पर वे इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर आगे बढ़े। चर्चा के दौरान यह सहमति बनी कि लहरू बधान क्षेत्र में बांध निर्माण की आवश्यकता है। शर्मा ने बताया कि बड़ौदा खुर्द बांध के लिए प्रारंभिक प्रयासों के अंतर्गत सर्वेक्षण एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के सतत प्रयासों से अब बांध निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। परियोजना के लिए वर्तमान में 84 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आश्वासन दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस बांध के माध्यम से लगभग 17 गांवों के हजारों हेक्टेयर खेतों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही, यह बांध पेयजल संकट को भी दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बांध निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है कि वे नियमित रूप से कार्य की निगरानी करें, जिससे निर्माण कार्य सुचारु, समयबद्ध एवं उत्तम गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सके।जगमड़वा जलाशय योजना का शीर्ष कार्यस्थल ग्राम-बोदलपानी, विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, विधानसभा क्षेत्र कवर्धा, जिला-कबीरधाम में स्थित है। जिससे ग्राम जगमड़वा के समीप नदी पर पिकअप वियर निर्माण कर बांयी तट नहर एवं दांयी तट नहर के द्वारा अंतिम ग्रामों तक सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी। जगमड़वा जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति 69.76 करोड़ है।



### सरकार और किसानों का साझा प्रयास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा जलाशय का निर्माण किसानों की एकजुटता और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शी नीति का नतीजा है। ÷सिंचित खेत, खुशहाल किसान÷ यही इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है, जो अब साकार होने जा रहा है। किसानों का वर्षों का सपना अब धरातल पर आकार ले रहा है, जिससे कबीरधाम जिले की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाई मिलेगी।

### बड़ौदा खुर्द जलाशय का विस्तार

बड़ौदा खुर्द जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति 89.70 करोड़ है। मुख्य नहर से लगभग 1980 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। बांध की कुल लंबाई 720 मीटर और ऊँचाई 25 मीटर है। जलभराव क्षमता 8.4 मिलियन क्यूबिक मीटर है। बांध का कुल क्षेत्रफल 96.72 हेक्टेयर है। इस जलाशय के से 8 गांवों के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। बांध निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर बेहतर होगा। बड़ौदा खुर्द जलाशय के निर्माण से 8 गांवों के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य नहर से लगभग 1980 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। बांध निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर बेहतर होगा। यह पेयजल संकट को दूर करने में भी मददगार साबित होगा।

## सीबीआई, ईडी का भय दिखाकर लगाई साढ़े सात लाख की चपत, मामला दर्ज



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 12 मई।** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के कलर्स गेम खेलने के लिए देवर का आईडी बनवादी देवर शातिर निकला और उसे इनकम टैक्स, सीबीआई और ईडी नोटिस का भय दिखाकर 7 लाख 50 हजार रुपए की चपत लगा दिया शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर योगीजोत साहू के खिलाफ ठगी का प्रकरण दर्ज किया। न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तवर ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी खिलेश्वरी साहू ने शिकायत की वह कलर्स गेम खेल कर रोज 500 से 600 रुपए कमाई करती थी देवर योगीजोत सीएससी में काम करता था उसे पता चला तो उसने भी खिलेश्वरी से आईडी बनाने की पेशकश की 30 हजार रुपए भाभी को दिया और पासबुक, आधार कार्ड देकर उससे आईडी बनवाया आईडी और पास वर्ड अपनी भाभी को ही दे दिया उसने भाभी को झांसा दिया उसके मोबाइल पर सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स का नोटिस आ रहा है उसने पैसा नहीं चुकाया तो जेल चला जाएगा बचने के नाम पर पैसा मांगा और लौटाने का वादा किया खिलेश्वरी ने गोल्ड बेचकर और कर्ज लेकर उसे 7 लाख 50 हजार रुपए दिया देवर पैसा लौटाने से मुकर गया।

## बंदियों को पैसे के एवज में सुविधा मुहैया कराने वाला प्रहरी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 12 मई।** दुर्ग जेल में कैदी और बंदियों को सुविधा मुहैया करने के एवज में परिजनों से पैसे लेने वाले जेल प्रहरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी जेल प्रहरी का नाम दिवाकर सिंह पैंकरा है. पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने आरोपी जेल प्रहरी को गिरफ्तार किया है. आरोपी कैदियों के परिजनों से पैसे लेता था. इस मामले में धारा 308(5) के तहत अपराध दर्ज किया है पैसे लेने वाला जेल प्रहरी गिरफ्तार आरोपी दिवाकर सिंह पैंकरा जांजगीर चांपा का रहने वाला है. वर्तमान में केंद्रीय जेल दुर्ग में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत था. आरोपी यहां रहकर कैदियों और बंदियों के परिजनों से जेल के अंदर सुविधा मुहैया कराने के एवज में पैसा लेता था. पैसे नहीं देने पर उन्हें प्रताड़ित कराता था. आरोपी सभी लोगों से यूपीआई और ऑनलाइन माध्यम से सुविधा के हिसाब से 500 से 2000 हजार रुपए तक की रकम लेता था कैदी और उनके परिजनों ने की शिकायत इस संबंध में कैदी और बंदियों के परिजनों ने उसके खिलाफपद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई. प्राथमिक जांच में मामला सही पाया जाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी दिवाकर सिंह पैंकरा को गिरफ्तार किया. इस मामले में पुलिस पहले भी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है आरोपी जेल प्रहरी गिरफ्तार पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया इस मामले में पांच आरोपियों इसराइल कुमार, अजय दीवान, प्रतीक वासनिक, संजय वासनिक और लोकेश्वरी साहू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है जांच के दौरान आरोपी प्रतीक वासनिक ने जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा को पैसे भेजना बताया था प्रकरण में जेल प्रहरी का नाम आने पर जेल प्रशासन के सहयोग से जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा से पूछताछ की गई. जिसमें उसने बताया कि जेल में बंद बंदी संदीप वासनिक ने आरोपी प्रतीक वासनिक के माध्यम से इसे पैसा भिजवाया धा प्रवक्ता ने बताया कि जेल प्रहरी ने जेल में सामान पहुंचाने के एवज में पैसा लिया जाना स्वीकार किया आरोपी का फोन जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया।




## रिसाली निगम आयुक्त ने लिया संज्ञान, सभी दुकाने हटाने दिये निर्देश

# नहर की जमीन पर दुकानें बना देने से रास्ता हुआ बंद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मई।** मैत्री गार्डन चौक के सामने वार्ड 13 में व्यापारियों ने रास्ता और नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। यही कारण है कि पानी निकासी का रास्ता और एप्रोच रोड निर्माण कार्य आधे में ही रोकना पड़ा। मामला प्रकाश में आते ही रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने दुकान हटाने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय पार्षद विधि यादव की उपस्थिति में निगम आयुक्त मोनिका वर्मा मरोदा क्षेत्र का भ्रमण की। दरअसल यहां पर पानी निकासी का रास्ता घुमाव दार हो गया है। इस वजह से पानी निकासी नहीं हो रहा है। इसी तरह नहर किनारे बने सी सी रोड अतिक्रमण की भेट चढ़ चुका है। यहां पर सूरज वॉच, कृष्णा च्वाइस सेंटर, वैभव साड़ी, न्यू पैराडाइज सेलून, मालिक झटका चिकन दुकान के साथ ही अन्य छोटे छोटे व्यापारियों ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इस वजह से एप्रोच रोड निर्माण अधूरा पड़ा है। आयुक्त ने स्थल निरीक्षण के बाद राजस्व विभाग के तोड़ फोड़ विभाग प्रभारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देश दिया है कि अतिक्रमणकरियों को पहले नोटिस दे। नोटिश का असर नहीं होने पर बिना सुनवाई के अतिक्रमण हटाए। पूजा फैंसी स्टोर्स, हरिओम मोबाइल



### नागरिकों ने की शिकायत

नागरिकों का कहना था कि दिन की आवाजाही में दिक्कत नहीं होती। रात में 30 फीट चौड़ाई वाला सड़क में बाइक सवार नहीं गुजर सकता। वाहनों को सड़क पर ही रख ब्लाक कर दिया जाता है। आयुक्त ने निरीक्षण के बाद दुकानों के आगे सड़क पर लगाए शेड को हटाने कहा।

### दो माह से पड़ी है भवन निर्माण सामग्री

निरीक्षण के दौरान राजेश मेडिकल गली में सड़क किनारे रखे भवन निर्माण सामग्री को देख आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। चार मासूमों को चोट पहुंचने की सूचना पर तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश भी दिए है।

# खुले में मांस-मछली बेचना प्रतिबंध निर्धारित वेंडिंग जोन में बेचना होगा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मछली बेचा जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है, कि उनके क्षेत्र में जहां कहीं पर भी खुले, सार्वजनिक स्थल पर मांस मछली बेची जा रही है। वहां पर कार्रवाई करें। आदेश प्राप्त होते ही सभी जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है। देखने में आ रहा है कि रविवार एवं बुधवार को अधिकांश जगहों पर खुले में मांस मछली की दुकान खुल जाती हैं। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें प्रश्रय दिया जाता है। यदि स्थानीय लोग ऐसी दुकानों का विरोध करेंगे, वहां पर खरीदने नहीं जाएंगे यह दुकान नहीं लगेगी। छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उक्त व्यवसाय के लिए निर्धारित बेंडिंग जोन प्रदान करके दिया जाना है। जिससे वे व्यापारी वहीं पर व्यवसाय कर सके। जोन के सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अपने क्षेत्र के सहायक राजस्व अधिकारी से समन्वय बनाकर के बेंडिंग जोन का प्रस्ताव बना करके नजरी नक्शे सहित मंगलवार को शाम 4:00 बजे तक प्रस्तुत करेंगे।



# उप मुख्यमंत्री साव सामूहिक विवाह में हुए शामिल,जोड़ों को दिया आशीर्वाद

- महासमुंद जिले के घोयनबहारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- सामुदायिक शेड के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की, बागबाहरा से पिथौरा मार्ग में बनेगा भव्य



**रायपुर, 12 मई।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में हुए शामिलउप मुख्यमंत्री अरुण साव सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में हुए शामिलउप मुख्यमंत्री अरुण साव सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड के घोयनबहारा में आयोजित सूरमाल साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह में समाज के 28 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 1975 में इस आयोजन की नींव रखने वाले वरिष्ठ दंपतियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकजुटता और पारिवारिक मूल्यों का अद्भुत उदाहरण है। पिछले 50 वर्षों से निरंतर इस परंपरा को निभाना अनुकरणीय है। समाज में एकजुटता और सहयोग का यह स्वरूप हमें भविष्य के लिए नई प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में घोयनबहारा में सामुदायिक शेड के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बागबाहरा से पिथौरा मार्ग में भव्य स्वागत द्वार के निर्माण की भी घोषणा की। यह द्वार क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ करेगा। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में शुरू किया गया यह सामूहिक विवाह आयोजन आज एक सामाजिक आंदोलन बन चुका है। यह केवल विवाह नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सह-अस्तित्व और समानता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए समाज की इस सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### राहुल नगर लखोली में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू



**राजनांदगांव, 12 मई।** श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली राहुल नगर के हृदय स्थल शारदा भवन प्रांगण में 11 मई से 20 मई तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा शुरू होने के पहले भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। वृंदावन के बाल व्यास आचार्य शिवम कृष्ण शास्त्री जी कृष्ण कथाएं सुनाएंगे। इस अवसर पर समस्त धर्मानुरागियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही।

### चाकू की नोक पर युवक से लूटपाट

**रायपुर, 12 मई।** देवपुरी भंडारीपारा के चार युवकों ने चाकू के नोक पर एक युवक से मोबाइल फोन और नकदी रकम लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित गिलहरे 23 वर्ष ग्राम पलौद मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पैदल जा रहा था, तभी देवपुरी भंडारीपारा के पास आरोपी रामेश्वर चक्रधारी, धनेन्द्र, समीर व रोशन बंजारे ने चाकू की नोक पर प्रार्थी से मोबाइल फोन और नकदी 200 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को लगाई आग, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 12 मई।** अमृत होम पीएम आवास बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह में तीन युवकों ने खड़ी ई-रिक्शा में आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चम्पेश्वर दीप 46 वर्ष अमृत होम पीएम आवास बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी साहिल यादव, शत्रुहन व निखिल जाल ने प्रार्थी के ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनवी 8294 को आग लगा दिया। जिससे प्रार्थी को 13 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो पकड़ाए

**रायपुर, 12 मई।** गोबरानवापारा और खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 57 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम पटेवा भाटापारा में दबिश देकर आरोपी मोतीलाल बघेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 41 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम चोरभट्टी में आरोपी सेतराम बंजारे 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 12 मई।** सिविल लाइन और नेवरा थाना पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने ताजनगर पंडरी में चाकू लहराते आरोपी विक्रम सोनी 30 वर्ष और लक्की निर्मलकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राहुल पंजवानी 22 वर्ष को चाकू के साथ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### आरएसएस का प्रथम वर्ष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन कोरबा में

**कोरबा 12 मई।** विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठनराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण वर्ग 15 दिन के लिए कोरबा में आयोजित हो रहा है। वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्यालय परिसर में इसके लिए बुनियादी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी सिलसिले में यहां प्रशिक्षण वर्ग के लिए भूमि पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। कोरबा के सरस्वती विद्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के सभी संगठन जिलों से चयनित किए गए स्वयंसेवक शामिल होंगे।

## नवकार में हो के सवार करें भव पार: मुनि मैत्रीवर्धन



**रायपुर, 12 मई।** सकल जैन समाज में समरुपता में सर्वमान्य नवकार महामंत्र का जाप प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को नवकार जाप ग्रुप द्वारा जैन समाज के विभिन्न घटकों के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। जिसका 17 वां आयोजन आज दिनांक - 11/05/2025, रविवार को सुबह 9 से 10 बजे तक देवेन्द्र नगर स्थित प्रकाश भवन में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के साथ संयुक्त रुप में किया गया। नवकार जाप के साथ ही विशेष योग रहा आज तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण जी का 52 वां दीक्षा दिवस भी है। उपस्थित धर्मानुरागियों ने परम पूज्य महेन्द्र सागर जी मनीष सागर जी महाराज के शिष्य रत्न मुनि वृंद मैत्री वर्धन जी व योग वर्धन जी मसा के सान्निध्य में नवकार जाप किया। मुनि मैत्री वर्धन जी ने उपस्थित धर्मसभा को उद्बोधित करते हुए नवकार के प्रत्येक पद की महिमा का विश्लेषण करते हुए 5 पद 35 अक्षर का महत्व बताया। मुनि ने आगे कहा कि हमारे पास बहुत सी कार है परंतु फिर भी हम उस पर सवार होकर सुख व शांति का अनुभव नहीं कर पाते लेकिन जो नवकार रुपी कार में सवार होता है उसके वर्तमान के साथ पर भवन भी तरह जाते हैं। मुनि वृंद ने आचार्य महाश्रमण जी के संयम जीवन अर्थात 52 वें दीक्षा दिवस युवा दिवस उपलक्ष्य में उन्हें आध्यात्मिक मंगलकामना अर्पित करते हुए शुभकामना प्रेषित की। वीरेंद्र डागा ने आयोजन की आगे जानकारी देते हुए बताया कि तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा शिवनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन भी मानव सेवा को ध्यानार्थ करते हुए किया जिसमें 6 युवाओं ने रक्तदान किया।

## हत्या के आरोपी दामाद को छूरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 12 मई।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 11.05.2025 को प्रार्थी प्रकाश कुमार टेमुरकर निवासी दामाबंजारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके साढु भाई इंदल वाल्दे की हत्या उसके दामाद लोमश महार द्वारा घर में पीडहा से मारकर हत्या कर दिया है कि सूचना पर छुरिया पुलिस घटनास्थल ग्राम दामाबंजारी पहुंचकर निरीक्षण पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराया गया तथा मौके पर एफ.एस.एल. प्रभारी राजनांदगांव डॉ0 चिरंजीव चन्द्रा को मौका मुआयना हेतु बुलाया गया, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपराध विवेचना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्ग दर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ श्री आशिष कुन्जाम के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू एवं हमराह स्टाफ छुरिया के द्वारा बारिकी से घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किया गया जो मृतक इंदल वाल्दे पिता रामलाल वाल्दे उम्र 56 साल साकिन दामाबंजारी थाना छुरिया जिला राजनांदगांव की मृत्यु सिर में प्राण घातक चोट पहुंचाने से होना पाया गया परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी लोमश महार से गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया, आरोपी को मृतक इंदल वाल्दे द्वारा उसे शराब पीने एवं गाली-गलौज करने से मना करने से क्षुब्ध होकर ससुर इंदल वाल्दे की हत्या करने की नियत से घर में रखे पत्थर से सोते समय सिर में पत्थर पटककर प्राण घातक चोटे पहुंचाकर हत्या करना बताया।

## बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए और प्रयास करें: बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 12 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं विभागीय विषयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कक्षा दसवीं के पश्चात विषय चयन, कैरियर ऑप्शंस के लिए बच्चों का काउंसलिंग करने कहा। उन्होंने बेहतर परिणाम के लिए पालकों से चर्चा करने तथा विषय विशेषज्ञों की टीम के साथ मिलकर कार्य करने कहा। उन्होंने परीक्षा परिणाम और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा अंतर्गत जिले में कक्षा 10वीं में कुल 68.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें बालक 62.05 प्रतिशत एवं बालिका 74.08 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में कुल 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 78.36 प्रतिशत बालक एवं 84.93 प्रतिशत बालिका शामिल है। जिले में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में कुल 17 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों में सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई, समय सारणी का निर्माण, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण एवं स्कूल प्रारंभ के बाद शिक्षक दैंनदिनी व शासन के सभी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों का पालन करने कहा।

## ग्राम पंचायत भर्रेगांव के समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई

- आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कर रहा कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 मई।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भर्रेगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भर्रेगांव, जंगलेसर, खैरा र, पारींकला, सुंदरा, तोरनकट्टा, ईरार, खुटेरी, परींखुर्द, मोखला, आरला, ठेकवा, मनकी के ग्रामीणों द्वारा शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन्न का आयोजन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

### कर्मचारियों के बर्खास्तगी आदेश को कोर्ट ने सही बताया

**कोरबा 12 मई।** हाईकोर्ट की डबल बैंच ने उस आदेश को निरस्त(अपास्त) कर दिया है, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 110 कर्मचारियों की बर्खास्तगी को गलत ठहराते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने माना है कि सभी को सुनवाई का अवसर दिया गया था। जो 2015 से सेवा में नहीं थे,उनकी सेवाओं को बिना बकाया वेतन के बहाल करने सम्बन्धी विद्वान एकलपीठ का आदेश देना उचित नहीं था। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 8 मई 2025 को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व न्यायाधीध अरविंद कुमार वर्मा की डबल बेंच ने यह निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर व कलेक्टर, प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के द्वारा की गई।

## समाचार संक्षेप

### जिले की टापर भाव्या साहू के घर बधाई देने पंहुचे विधायक दलेश्वर साहू



- साहू समाज ने किया भाव्या का सम्मान

**डोंगरगांव, 12 मई।** दसवी कक्षा मे डोंगरगाव विकास खंड के ग्राम बोदेला निवासी चतुर साहू की सुपुत्री भाव्या साहू ने 97.17 प्रतिशत अंक लेकर राजनांदगांव जिले मे प्रथम स्थान हासिल की है। इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधी, सामाजिकजन व विभिन्न सामाजिक संस्थाओ द्वारा बधाई देने पंहुच रहे है। इसी क्रम मे क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू ने उनके गृह ग्राम बोदेला पंहुचकर प्रतिभावान छात्रा भाव्या से मुलाकात कर उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनके धर्मपत्नि श्रीमति जयसाहू,जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव हेमंत साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तुमडीबोड इन्द्रसेन साहू, सचिव राजेश साहू, ने भी उन्हे व उनके माता पिता व परिवार वालो को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चतुर साहू, गुहरी राम साहू, कुंदन साहू, भारत साहू, आदि मौजूद थे। तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा कु भाव्या साहू के इस उपलब्धि के लिए मटिया रोड डोंगरगाँव मे एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया है। जिसमे समाज के पदाधिकारीगण अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, शिवराम साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू, संगठन सचिव सुरेन्द्र साहू, नगर अध्यक्ष कौशल कुमार साहू, प्रवक्ता पुरुषोत्तम साहू, सी एल हिरवानी, सुन्दरलाल साहू, रोहित साहू आदि सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

### लालबाग पुलिस ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कर भेजा जेल

**राजनांदगांव, 12 मई।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में लगातार चलाये जा रहे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान आवेदक करन सिन्हा निवासी पेण्ड्री थाना लालबाग के आवेदन पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में हमराह स्टाफ के शिकायत जांच हेतु रवाना हुआ था जो अनावेदक सुनील मरकाम उर्फ टीरू पिता भारत मरकाम उम्र 26 वर्ष निवासी पेण्ड्री अटल आवास थाना लालबाग जिला राजनांदगाँव के द्वारा पुलिस के सामने ही मेरे खिलाफ शिकायत किया है कहकर आवेदक को जान से मारने एवं नही छोड़ने हेतु दौड़ाने लगा पुलिस के द्वारा संज्ञेय अपराध की घटित होने की पूर्ण संभावना होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 170/126,13क्क(3) बीएनएसएस का इश्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेज गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि शोभाराम वेरवंशी, आर0 राकेश ठावरे, फागू साहू की सराहनीय भूमिका रही।



### धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 12 मई।** प्रार्थी चौकी चिखली में उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि राजेश कुमार महिलांग द्वारा वन विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर 06 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी किये है कि रिपोर्ट पर धारा 420,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम तैयार कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी टोलागांव मे छिपा हुआ है तत्काल टोलागांव मे दबिष देकर घेराबंदी कर आज दिनांक 11.05.2025 आरोपी राजेश कुमार महिलांग पिता स्व. बिरझे महिलांग उम्र 59 साल साकिन पदुमतरा थाना ठेलकाडीह जिला के.सी.जी. छ.ग. को पकड़ा गया बाद आरोपी से पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो अपराध करना स्वीकार कर प्रार्थी से प्राप्त रकम मे से 5000 रूपये बचा होना एवं शेष रकम को खर्च हो जाना बताकर 5000 रूपये को बरामद कराया बाद विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेष किया गया। माननीय न्यायालय के आदेषानुसार जेल दाखिल किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी डोंगरगढ़ मे भी धोखाधड़ी मामला दर्ज है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, सउनि शत्रुहन टण्डन, आर0 मिर्जा असलम बेग, सिन्धु सिन्हा, म.आर. रेणुका राजपूत एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।



### डा. अंबेडकर की मूर्ति अनावरण व जंयती कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष किरण



**छुरिया, 12 मई।** बौद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम जरहामहाका में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जंयती कार्यक्रम व डा भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति अनवरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की साथ ही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर जी का जीवन हम सभी को यह सिखाता है कि शिक्षा और संगठन शक्ति का उपयोग कर कोई भी व्यक्ति समाज की दिशा बदल सकता है। उनके विचार आज हमारे युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।मोदी जी की सरकार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत को संजो कर दिया उचित सम्मान दिया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की ऐतिहासिक भूमिका रही है। वह भारत की संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक ऐसा संविधान तैयार किया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, शिक्षा और अवसरों की समानता सुनिश्चित की गई। उन्होंने दलितों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने के लिए विशेष प्रावधान किए।

## स्वच्छता जनजागरूकता के लिए सड़क पर उतरी नगर सरकार

- फोटोग्राफी के लिए नही, जमीन में काम करके दिखाएं, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें: अनिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी, 12 मई।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगरीय निकाय सप्ताह में एक दिन श्रमदान अभियान चला रही है। मुहिम में स्थानीय निवासियो को जोडते हुए नगर में स्वच्छता के प्रति माहौल तैयार करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अच्छी बात यह है कीं धीरे धीरे नगरवासी भी इस मुहिम से जुडने लगे है।

नवीन जिले के एक मात्र नगरीय निकाय में नई परिषद के बैठते ही नगर को स्वच्छ व सुंदर तथा सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में काम काज शुरू हो गया है। मुहिम के पहले चरण में नगर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में नगरवासियो को जोडने के लिए सप्ताह में एक दिन नगर सरकार अपने पुरे अधिकारी कर्मचारियो के साथ साथ नगर के मुख्य मार्गो व चौक चौराहो में साफ सफाई अभियान चला रही है। मुहिम की अगुवाई स्वंय नगर सरकार के मुखिया अनिल मानिकपुरी कर रहे है। नगर अध्यक्ष के सडक में आने के बाद उनका पुरा अमला स्वःफूर्त होकर आगे आ रहा है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि अब सप्ताह में एक दिन शनिवार या रविवार को स्वच्छता श्रमदान के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। पहले नगर के मुख्य मार्गो, सडको, गलियो व चौक चौराहो में यह अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद वार्डो में शिविर लगाकर साफ सफाई की जाएगी। शनिवार को नगर के बस स्टैन्ड से डॉ आम्बेडकर चौक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक, सुभाश चौक, गांधी चौक, पटेल पारा, लिंक कोर्ट सहित आस पास इलको में साफ सफाई की गई। इस मुहिम में उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद दिलीप कुंभकार, उमा निषाद, विनोद डेहरिया, पूर्व पार्षद शंकर निषाद, रिनी पारेटी, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, मोंटी खंडेलवाल, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, रामकुमार देवागन, लोकेश सलामे, सिद्धार्थ देवागन सहित बडी संख्या में निकाय की स्वच्छता दीदिया व कर्मचारियो के अलावा महिला समूह के कार्यकर्ता शामिल हुए। स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत तीसरे सप्ताह मुख्य रूप से साप्ताहिक बाजार स्थल एवं कृषि उपज मंडी के खाली परिसर में साफ सफाई की गई। अब अगले चरण में मटन मार्केट में अभियान चलाया जाएगा। शनिवार को बाजार व मंडी क्षेत्र में काफी गंदगी एवं जगह जगह कचरे का ढेर मिला। नगर अध्यक्ष ने स्वंय खडे होकर बाजार के पुरे चबुतरा में सफाई कराई एवं कचरे के ढेर को उठवाया। इसके बाद खरपतवार की कटाई एवं नालियो की सफाई कराया। इसी तरह मंडी के खाली परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

# सालाना 5 लाख तक बुजुर्गों का इलाज़ होगा मुफ्त

- चारू, नीलू, गंगी और जोगी को मिला वय वंदना आयुष्मान कार्ड
- आयुष्मान कार्ड मिलने पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में 70+उम्र के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत आयुष्मान मित्रों के द्वारा दूरस्थ बसाहटों में जाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। नगरपंचायत दोरनापाल में वार्डों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घूम-घूमकर बुजुर्ग नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके पश्चात तत्काल उन्हें ऑनलाइन डिजिटल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। शासन के इस योजना से दोरनापाल निवासी चारू बाला बोस उम्र 71 वर्ष, नीलू बाला शाह उम्र 80 वर्ष, माड़वी गंगी उम्र 82 वर्ष और जोगी राम यादव उम्र 84 वर्ष



को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का कार्ड प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने कार्ड मिलने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वय वंदना कार्ड का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत सभी मौजूदा बीमारियों का इलाज पहले दिन से कवर किया जाएगा। वर्तमान में आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसमें शामिल किया गया है, भले ही उनकी आय कुछ भी हो। भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करना है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी वर्ष में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।

## कोंटा में तेंदूपत्ता तस्करी, आदिवासी हितों पर डाका या प्रशासनिक चूक?

**सुकमा, 12 मई।** कोंटा क्षेत्र में तेंदूपत्ता तस्करी की घटनाएं फिर से सुर्खियों में हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सरकारी खरीदी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही लाखों रुपये मूल्य का कच्चा तेंदूपत्ता छत्तीसगढ़ से ओडिशा की ओर अवैध रूप से भेजा जा रहा है। इस तस्करी में ठेकेदारों और बिचौलियों के साथ-साथ कुछ स्थानीय शिक्षकों, नेताओं और सचिवों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। कोंटा-मोटू पुल से बिना किसी रोकटोक के पिकअप और अन्य वाहनों के माध्यम से तेंदूपत्ता पार किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और सत्ता पक्ष के नेताओं की निष्क्रियता से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब राज्य सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा और तेंदूपत्ता व्यापार में पारदर्शिता की बात करती है। हाल ही में, छत्तीसगढ़ के आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (श्वह्रङ्ख) और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ड्ढष्ठक्र) ने तेंदूपत्ता बोनस वितरण में 7 करोड़ रुपये के गबन के मामले में एक वरिष्ठ वन अधिकारी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले भी, तेंदूपत्ता की नीलामी में 300 करोड़ रुपये के घोटाले की खबरें सामने आ चुकी हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े आदिवासी समुदायों को उचित मूल्य और बोनस मिलना चाहिए, लेकिन वर्तमान में वे शोषण और भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर गंभीरता से संज्ञान ले और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। निष्कर्षः कोंटा में तेंदूपत्ता तस्करी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि आदिवासी समुदायों के अधिकारों और विश्वास पर आघात है। सरकार और प्रशासन को मिलकर इस पर तत्काल रोक लगानी चाहिए, ताकि हरे सोने के नाम से प्रसिद्ध तेंदूपत्ता वास्तव में आदिवासियों के लिए समृद्धि का प्रतीक बन सके।

## एक नजर

### परीक्षा में सफलता पाने कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स



- सक्षम कोचिंग में कलेक्टर ने छात्रों से की मुलाक़ात

**सुकमा, 12 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शनिवार को सक्षम कोचिंग सुकमा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओ से उनकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर श्री ध्रुव से परीक्षार्थियों ने पुस्तक और एटलस तथा सॉल्व्ड पेपर की मांग की जिसे स्थानीय स्तर पर तत्काल प्रदान किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संयुक्त कलेक्टर डॉ. सूरज कश्यप के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### समाधान शिविर में आवेदनों का निराकरण

**सुकमा, 12 मई।** आज छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार जो सुकमा जिले के कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें 7 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने सुकमा जिले के ग्राम पंचायत छिंदगढ़ जो मेरे गृह विकास खण्ड में आता है वहाँ आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों के बीच जाकर नरेंद्र मोदी जी एवं विष्णु देव साय जी के सुशासन के सम्बंध में उनसे संवाद कर समस्त समस्याओ का निराकरण मौके पर ही किया एवं अन्य प्राप्त आवेदनों पर भी अतिशीघ्र उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वासन दिया।

### घरों में घुसे जहरीले सर्प का स किया गया रेस्क्यू

**कोरबा 12 मई।** जिले के चारापारा कोहड़िया बस्ती में 2 अलग-अलग घरों में जहरीले सर्प के घुसने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पहले घर में 6 फीट लंबा जहरीला सर्प मिला। स्थानीय लोगों ने सर्प मित्र शंकर राव को इसकी सूचना दी। सर्प मित्र शंकर राव ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने सर्प को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। शंकर राव ने बताया कि यह अत्यंत जहरीला सर्प था। इसके काटने से जान का खतरा हो सकता था। दूसरे घर में भी एक जहरीला सर्प कुंडली मारकर बैठा मिला। अंधेरे में घरवालों को इसका पता नहीं चला। जब वे कमरे में घुसे तो सांप की आवाज सुनकर भाग खड़े हुए। जहां सांप था, वहां काफी संख्या में उसके अंडे भी मिले। उसका भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। सर्प मित्र ने दोनों सर्पो को अंडों सहित सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

### रोजगार सहायकों के लिए आवास योजना बनी वसूली का माध्यम

**कोरबा-पोड़ी उपरोड़ा 12 मई।** मनरेगा में वर्षो से जमे अनेक रोजगार सहायकों के द्वारा आवास योजना को वसूली का माध्यम बना लिया गया है। इसके अलावा भी सरकार की दूसरी हितग्रागीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर वह वसूली करते हैं। पोड़ी-उपरोड़ा जनपद व विकासखंड के ग्राम पंचायत ऐतमानगर के रोजगार सहायक चन्द्र कुमार चुटैल को लेकर भी ऐसी ही शिकायत लगातार सामने आती रही है। आवास योजना के हितग्राही काफी परेशान हैं।

# बकावंड ब्लॉक के उलनार और बस्तर के ग्राम पखना कोंगरा समाधान शिविर में 7552 आवेदनों का निराकरण

- सांसद बस्तर महेश कश्यप और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड और बस्तर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बकावंड विकासखंड के उलनार में आयोजित समाधान शिविर में 19 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया जिसमें ग्राम उलनार, पाईकपाल,गुमडेल, करीतगांव, जुनावनी, कोरपाल, कानापाल, कुरूषपाल, मालगांव, धोबीगुड़ा, इरिकपाल, कोहकापाल, चितालूर, बालपुटी, बजावण्ड, तारापुर, टलनार, बनियागांव





एवं बेलगांव सम्मिलित रहे। इस शिविर में 7271 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7252 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 19 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे। बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में सालेमेटा-एक, छुरावण्ड, खड़का, पखनाकोंगेरा, कोटगढ़, खण्डसरा, तुरपुरा, पल्लीभाटा, तुरपुरा नवीन, केशरपाल, नहरनी, सोरगांव एवं जामगांव कुल 13 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस शिविर में 5889 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5882 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 08 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। उलनार में आयोजित समाधान शिविर में सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्या और मांग के लिए तहसील और जिला मुख्यालय तक जाने की जरूरत नहीं हो। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। इस शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और पंचायत पदाधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री ऋषिकेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## देश के सैनिक एवं बस्तर के जवानों की कुशलता के लिए मां दंतेश्वरी से की कामना





**दंतेवाड़ा, 12 मई।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने सेना के जवानो एवं बस्तर के सैनिको के कुशलता की कामना के लिये दंतेवाड़ा स्थित बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन किये। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा की जा रही कार्यवाही की सराहना की।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा की भारत की सैन्य शक्ति एवं सेना का अद्वितीय साहस देश के लिए समर्पण का प्रतिक है।भारतीय सेना के जाबाज लगातार अपना पराक्रम दिखा रहे है. सैन्य शक्ति के उच्च मनोबल के लिये एवं बस्तर के जवानों के लिये माँ दंतेश्वरी से मंगल कामना की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा,जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, संग्राम सिंह राणा,दीपक बाजपेई, मुकेश शर्मा,सत्यजीत चौहान, नीलम ठाकुर,सोडमू कोर्राम सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला पीएम आवास स्वीकृति प्रमाणपत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- छिंदगढ़ में समाधान शिविर संपन्न

**सुकमा, 12 मई।** सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत छिंदगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में कांजीपानी, बकुलाघाट, रोकेल, पतिनाईकरास, उरमापाल, केरातोंग पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संजना नेगी एवं ग्राम पंचायत छिंदगढ़ सरपंच श्रीमती सुखमती पुजारी के माध्यम से नक्सल पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही पंचायत विभाग के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर स्थल में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत सुकमा जिले में कुल 50,723 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 34,341 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदन पत्रों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

# लोकतंत्र के सजग प्रहरी हर पत्रकार को चाहिए सुरक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 मार्च।** पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नैतिक दायित्व है। यह सत्ता के गलियारों से निकलती गूंज को आम जनता तक पहुँचाने का सेतु है, और आमजन की पीड़ा को सत्ता के द्वार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम। आज, जब दुनिया तेजी से बदल रही है, सूचना की गति तेज़ है और सत्ता की भाषा चतुर, निष्पक्ष और साहसी पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रखे हुए है। मैं उन सभी पत्रकार साथियों को नमन करता हूँ जो बिना किसी लालच या दबाव के, सच्चाई की लौ जलाए हुए हैं। लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ को चाहिए सिर्फ़ एक चीज़ - ÷सुरक्षा÷। हाँ, वही सुरक्षा, जो उसका संवैधानिक अधिकार है। न कि उन चाटुकारों के लिए जो कलम को दलाली में गिरवी रख चुके हैं, बल्कि उन पत्रकारों के लिए जो ज़मीनी सच्चाई के साथ खड़े हैं - चाहे उसके लिए कितनी भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। सवाल पूछना गुनाह नहीं, ज़िम्मेदारी है। अगर आज आय से अधिक संपत्ति की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो कितने प्रतिशत नेता और अधिकारी इस जाँच में फंसेंगे? ये सवाल पत्रकार का है - एक ऐसा सवाल जो अगर सच में पूछा जाए, तो सत्ता की दीवारें हिल सकती हैं। आज भी पत्रकार ज़मीनी स्तर पर काम करते हुए न केवल भ्रष्टाचार, अपराध और अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाते हैं, बल्कि इसके लिए फर्जी मुकदमे, मानसिक यातना, माफियाओं की धमकी और प्रशासन की बेरुख़ी तक झेलते हैं। पत्रकार आज़ाद है, लेकिन संस्थान नहीं। यह सबसे बड़ा संकट है - जब कलम तो चलना चाहती है, लेकिन संपादकीय बंदिशें और कॉरपोरेट दबाव उसे झुका देते हैं। हम जैसे पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता वही आवाज़ हैं, जो उस गरीब की चीख को रिपोर्ट करते हैं, जिसे कोई नहीं सुनता... हम वह कलम हैं, जो तब उठती है जब अन्याय अपनी सारी सीमाएं पार कर चुका होता है।

## सुशासन तिहारः तृतीय चरण समाधान शिविर 31 मई तक बचेली में



**सुकमा, 12 मई।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण समाधान शिविर 05 से 31 मई के अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली मे रवीवार दिनांक 11.05.2025 को वार्ड 05 मंगल भवन मे वार्ड 04,05 मे प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया वार्ड 04,05 मे 57 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमे 19 आवेदन शिकायत सम्बन्धी एवं 38 मांग आधारित थे जिनका निराकरण किया गया जिसमे नवीन राशन कार्ड, पेंशन, आधार अपडेट, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, पानी की समस्या, स्ट्रीट लाइट आदि आवेदन थे शिविर मे राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र वितरित किया गया जिसमे कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण शामिल रहे कार्यक्रम मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण का कार्यक्रम भी किया गया 7कार्यक्रम मे राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, विधुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास विभाग एवं अन्य विभाग अपना अपना स्टॉल लगाया एवं योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम मे अध्यक्ष नगर पालिका श्री राजू जायसवाल उपाध्यक्ष श्री सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद श्री सलीम रजा उस्मानी, पार्षद श्री धंसिंग नाग, पार्षद श्री दीपक सरकार , पार्षद श्रीमती झीलकी नाग, पार्षद श्री विजय भोगामी, पार्षद श्री सुनील गाइन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी. टी. एम. कृष्णा राव उप अभियंता श्री संतोष नेगी एवं पालिका कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# समाज संगठित होने से परिवार में आती है खुशहालीः संजय

- इज्तेमाई निकाह में 8 जोड़े हुए शामिल

**जगदलपुर, 12 मई।** बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी द्वारा आज इज्तेमाई निकाह का आयोजन अंजुमन जमात खाना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के स्पीकर खेम सिंह देवांगन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पद्मश्री धर्मपाल सैनी डॉक्टर एस जहीरूद्दीन, वसीम अहमद,अमरीश सिंह,पार्षद जाहिद हुसैन,पूर्व पार्षद बलराम यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



महापौर संजय पाण्डे ने वर व वधु से मिलकर उन्हें वैवाहिक जीवन की बधाई दी।

उन्होंने कहा आज हम सब एक नेक और प्रीत काम के लिए एकत्रित हुए हैं। इज्तेमाई निकाह इस्लाम धर्म के संदेश को आगे बढ़ाता है। समाज में सामूहिक विवाह होने से विवाह में होने वाले फिजूल खर्चे पर विराम लगेगा। विवाह के बाद व्यक्ति की जवाबदारी बढ़ जाती है। विगत 18 वर्षों से मुस्लिम समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा चालू कि गई है। इसके लिए महापौर ने समाज के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा समाज संगठित होता है तो परिवार में खुशहाली आती है। बिना किसी विघ्न के समाज में यह परंपरा लगातार चलती रहे। निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने नव दांपत्य जीवन में प्रवेश कर रहे हैं वर व वधु को शुभकामनाएं दी। समाज के लोगों ने जानकारी दी कि वर्ष 2007 से सामूहिक विवाह की परंपरा चालू की गई है।

# बालुद में बड़े पैमाने पर जगह-जगह डंप कर रखी गई है रेत

- रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर माइनिंग विभाग मौन
- रेत माफिया को माइनिंग विभाग का मिला है खुला संरक्षण
- बालुद में सैकडों की संख्या में ट्रैक्टर रेत निकालने के काम में लगाए गए हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 12 मई।** जिले के बालुद पंचायत में बड़े पैमाने पर सालों से नदी तट से अलग अलग क्षेत्रों से रेत तस्करी की जा रही है। रेत का खनन कर जगह जगह जंगलों में रेत का भंडारण किया गया है। बालुद गांव में करीब करीब हर पारा मोहल्ला में रेत का पहाड़ देखने को मिल जाएगा। रेत की तस्करी रोकने में माईनिंग विभाग पुरी तरह से निष्क्रिय रहा है। एक तरह से कहें तो माईनिग विभाग के कर्मचारी खुद ही रेत तस्करों के साथ मिले हुए हैं। माईनिंग का संरक्षण पाकर ही गांव के कुछ लोग रेत का अवैध खनन, परिवहन एवं डंपिंग खुलेआम कर रहे हैं इन्हें न तो प्रशासन का खौफ है न ही कानुन का।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले में लंबे समय से रेत माफिया हर क्षेत्र में सक्रीय होकर रेत की तस्करी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। इसकी तस्दीक मीडिया समय समय पर करती भी रही है। रेत की तस्करी आज की तारीख में एक राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। देश में हर राज्य, शहर, जिले में अवैध रूप से रेत का खनन, परिवहन एवं डंपिग किए जाने के मामले देखने सुनने को मिलते रहे हैं। दंतेवाड़ा जिला भी रेत की चोरी मामले में पीछे नहीं है। जिले में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां नदी तट क्षेत्र से रेत की तस्करी नहीं हो रही है। रेत तस्कर पहले जेसीबी से जंगलों, को काटकर पेड पौधों को उखाड़कर रास्ता बनाते हैं और फिर उसके बाद शुरू होता है रेत का बंदरबांट। ट्रेक्टरों से रेत निकासी का काम शुरू होता है जो सुबह से शाम तक चलता है। सैकडों की संख्या में ट्रेक्टर अलग अलग नदी तट से रेत निकालने के काम में लगे हुए हैं। इन्हें रोकने टोकने की जुर्रत कोई नहीं करता। बालुद क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर रेत की तस्करी की जा रही है। पुरे गांव का एक चक्कर लगाकर देखने से ही यह समझ में आ जाएगा कि कितने बडे पैमाने पर यहां रेत का अवैध कारोबार हो रहा है। जगह जगह रेत के पहाड़ देखे जा सकते हैं। रेत डंप करने के लिए माईनिंग विभाग से कोई परमिशन भी नहीं लिया गया है। सारे रेत के पहाड अवैध हैं। क्या यह माईनिंग विभाग को नहीं दिख रहा? स्पष्ट है कि माईनिंग विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत से ही रेत का अवैध खनन, परिवहन एवं डंपिग का काम धड़ल्ले से चल रहा है। मानसून आने वाला है। मानसून में जब बारिश होती है तो यही रेत चौगुने दाम पर जरूरतमंदों को बेच भारी मुनाफा रेत तस्कर कमाते हैं। गांव के जनप्रतिनिधियों की मानें तो उनकी कोई सुनता नहीं।

रेत निकालने एवं डंपिग नहीं करने को कहा जाता है तो गांव के दबंग लोग झगडा फसाद व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पंचायत मिटिंग में भी बार बार रेत नहीं निकालने को कहा जाता है पर लोग मानते नहीं। आखिर प्रशासन इस पर क्यों अंकुश नहीं लगा रही? माईनिंग विभाग जिसकी जिम्मेदारी अवैध खनिज के दोहन को रोकने की है जब वो खुद ही तस्करों के साथ सांठगांठ कर लेगा तो फिर इस अवैध कारोबार को भला कौन ही रोक सकता है। वो एक कहावत भी है ना कि जब सैंया भए कोतवाल, तो डर काहे का। यहां जब सैंया अर्थात माईनिंग अधिकारी ही तस्करों के गलभैये कर रहे है तो भला तस्करों का किस बात का डर होगा वो तो अवैध खनन, परिवहन एवं डंपिंग बेखौफ होकर करेंगे ही।

> रेत के अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार कारवाई कर रहे हैं। डंपिंग को देखना होगा कुछ का परमिशन है कुछ अवैध हैं। जांच करेंगे अवैध पाए जाने पार विधि संवत कारवाई की जाएगी। बालुद में रेत चोरी की शिकायतें आ रही है। बार बार समझाईश के बाद भी गांव के कुछ लोग घरों के पीछे नदी इलाके से चोरी छिपे रेत निकाल रहे हैं। विभाग पूरी तरह अलर्ट है खनन, परिवाहन करते पक़डे जाने पर माईनिंग एक्ट के तहत कारवाई करेंगे।
>
> **(अश्वनी झाड़े) फील्ड अधिकारी, खनिज विभाग दंतेवाड़ा**

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा ने

# बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अमलों को दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 12 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा द्वारा बीजापुर जिले में बाल अधिकारों के संबंध में जानकारी देने तथा बाल संरक्षण तंत्र के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के सम्बंध में विभागीय बैठक हेतु एक दिवसीय भ्रमण किया गया। इस दौरान बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बाल संरक्षण तंत्र इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग के विभागीय अमलो के साथ बैठक कर बच्चों के सर्वोत्तम हित को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान जिले में व्यापक रूप से बाल श्रम की रोकथाम हेतु अभियान चलाने एवं उसे पर तत्परता दिखाने के निर्देश दिए गए प्रत्येक माह अभियान चलाया जाना है ताकि छत्तीसगढ़ को बाल श्रम मुक्त की ओर ले जाया जा सके अभियान में श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग पुलिस विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्य करें ताकि बाल श्रम की रोकथाम किया जा सके बाल श्रम रोकथाम के लिए श्रम विभाग को कलेक्ट्रेट में एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने की सुझाव दिया गया, ताकि बाल श्रमिक के परिवारों को तत्काल रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा सके।

डॉक्टर वर्णिका शर्मा द्वारा यह अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लिए संकल्प लिया गया है इसके लिए हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास किया जाना है जिले पर विशेष ध्यान दिया जाना है और अधिक से अधिक जागरूकता प्रशिक्षण क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन करके किशोर किशोरियों को स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रम के माध्यम से जागरूक किया जाना है की बाल विवाह जैसी स्थिति कही पर भी न हो। स्कूल, आश्रम, हॉस्टल में बच्चों के लिए जो सुविधाएं मुहैया किया जाना है वह उच्च स्तर का हो इसके लिए आप सभी को विशेष निगरानी व पर्यवेक्षण किया जाना है। जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था बालिका गृह के निरीक्षण किया वहां पर बच्चों के द्वारा किये स्वागत व उनकी मनमोहक प्रस्तुति से प्रसन्नता व्यक्त कर बच्चों को पढ़ाई के महत्व की जानकारी देते हुए अच्छे से पढ़ाई करने की समझाइश भी दिया गया। बाल गृह के सुविधाओं की भी जानकारी लिया गया, तेंदू हॉल में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन व बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु सामाजिक संगोष्ठी में शामिल होकर महिलाओं को बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए सभी को शपथ दिलाया गया और हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किया गया कि किसी भी स्थिति में बाल विवाह वह बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे इस दौरान, अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चकियार, महिला व बाल विकास अधिकारी कांता मसराम, बाल संरक्षण अधिकारी गणेश्वर झाड़ी, नवीन मिश्रा, सुश्री आनंदमई, शीला भारद्वाज, सूची शुक्ला व समस्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास में लापरवाही बरतने वाले 11 पंचायत सचिवों को मीटिंग में ही नोटिस जारी



- पीएम आवास के नाम पर लेन-देन की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई
- कलेक्टर उइके ने प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की समीक्षा की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 12 मई।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की बैठक लेकर जिले में पीएम आवास योजना के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास निर्माण कार्यों में उदासीनता, लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं अरुचि दिखाने वाले 11 ग्राम पंचायत सचिवों को मीटिंग के दौरान ही कारण बताओं नोटिस जारी किए। इनमें ग्राम पंचायत दांतबाय कला, कोसमबुड़ा, गुजरा, खरता, हाथबाय, बरबाहरा, मौहाभांठा, बेगरपाला, लोहारी, मरदाकला एवं खरहरी के पंचायत सचिव शामिल है। कलेक्टर ने धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे , जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध लेन देन की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अन्यथा संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई कोताही न बरते।

इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करे। कलेक्टर श्री उइके बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की जानकारी ली। अपर कलेक्टर श्री भगत ने बताया कि जिले में कमार परिवारों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित करने पीएम जनमन योजना अंतर्गत 911 आवास स्वीकृत किए गए है। इनमें 295 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समन्वित प्रयास कर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की प्रशंसा भी की। साथ ही धीमी प्रगति वाले क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को उनसे सीख लेने की अपेक्षा की।

## एक नजर

### खाली कार्टून के विक्रय के लिए निविदा आमंत्रित

**बीजापुर, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बीजापुर जिले में संचालित मदिरा दुकान क्रमशः 1 देशी मदिरा दुकान बीजापुर, 2 विदेशी मदिरा दुकान बीजापुर, 3 विदेशी मदिरा दुकान भैरमगढ़, 4 देशी मदिरा दुकान भोपालपटन, 5 विदेशी मदिरा दुकान भोपालपटनम में वर्ष 2025-26 दिनांक 01 जून 2025 से 31 मार्च 2026 अथवा अगले निविदा कार्यवाही सम्पन्न होने तक के अवधि में निकलने वाले मदिरा के खाली कार्टून के विक्रय हेतु इच्छुक खरीददारों से निविदा सील बन्द लिफाफे में 28 मई 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय भवन जिला बीजापुर में आमंत्रित की गई है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को जिला स्तरीय गठित विक्रय समिति द्वारा दिनांक 28 मई 2025 को सायं 04 बजे खोली जावेगी। कार्टून की पृथक-पृथक सीलबंद निविदा जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बीजापुर के नाम व्यक्तिशः या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किए गए है। समय पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। वह स्वमेव निरस्त मानी जाएगी। सीलबंद लिफाफे के उपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। निविदा खुलने के समय निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

### तेन्दूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ,खराब मौसम के कारण हुई देरी

**बीजापुर, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 के अंतर्गत नवीन तेन्दूपत्ता नीति योजना के तहत जिला यूनियन बीजापुर की 28 समितियों के 45 तेन्दूपत्ता लॉटों में विभागीय संग्रहण किया जाना है। हालांकि 1, 3, 4 एवं 7 मई को जिले में भारी बारिश और आंधी-तूफान के चलते तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। खराब मौसम के कारण निर्धारित कार्यक्रम में देरी हुई। इसी कड़ी में 8 मई को मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक, जगदलपुर वृत्त तथा कार्यकारी संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर के दौरे के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के निर्णय अनुसार, अब जिले में 9 मई 2025 से तेन्दूपत्ता तोड़ाई कार्य औपचारिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा।

### कम्प्यूटर कोर्स करने के लिए सेन्ट्रल लाइब्रेरी में कर सकते हैं आवेदन

**बीजापुर, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा जिले के स्कूल विद्यार्थी एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर कोर्स का बेसिक क्लासेस दिए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें MS Office, Word, E&cel, Power Point & Internet का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 1 माह का होगा जिसका शुल्क मात्र 999 रूपए निर्धारित कि गई है। इच्छुक युवा-युवती 10 मई 2025 से 25 मई 2025 तक केन्द्रीय पुस्तकालय बीजापुर (Central Library Bijapur) में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 6264442626, 7987404463 एवं 7746859563 में संपर्क कर सकते हैं।

### 8 खेलों के साथ ग्रीष्मकालीन खेल शिविर प्रारंभ

# जिले के बच्चों की प्रतिभा तराशने 21 दिन का आवासीय समर कैंप

- बच्चों का सर्वांगीण विकास और प्रोत्साहन जरूरी : मिश्रा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 12 मई।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रतिभाओं को तराशने 21 दिवसीय 8 खेलों का समर कैम्प प्रारंभ किया गया।

ग्रीष्म कालीन समर कैम्प का शुभारंभ कर कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले भर से आए प्रतिभागियों से कहा कि यह छुट्टियों का समय अपने नैसर्गिक प्रतिभाओं को तराशने का अवसर है। आप अपनी क्षमता और योग्यता अनुरूप 8 प्रकार के खेलो में से किसी का भी चयन कर

अच्छा प्रशिक्षण पा सकते हैं जो भविष्य में आपको एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा।

यहां बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के अच्छे कोच और पीटीआई मिलकर आपको खेल के नियम से अवगत करा कर आपको नियमित अभ्यास कराएंगे। आपको लगन और मेहनत के साथ नियमित अभ्यास करना है ताकि यह खेल शिविर आपके लिए सार्थक बन सके।

इससे पूर्व जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर एन पी गवेल ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रीष्म कालीन खेल शिविर में 8 प्रकार के खेल शामिल है जिनके लिए बीजापुर भैरमगढ़ उसूर और भोपालपटनम के दूरस्थ क्षेत्रों से लगभग 400 स्कूली छात्र छात्राओं को शामिल किया गया है।

प्रशिक्षण के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के कुशल प्रशिक्षक और पीटीआई यहां की प्रतिभाओं को नियमित खेल गतिविधियों से जोड़कर अभ्यास कराएंगे। बच्चों के लिए एकलव्य छात्रावास एजुकेशन सिटी में आवास और भोजन की व्यवस्था की गई हैं जिसमें व्यवस्था हेतु शिक्षा और ट्राइबल विभाग के कर्मचारीयों को दायित्व सौंपा गया है। समर कैम्प के शुभारंभ पर छात्र छात्राओं ने फ्लैश मॉब कर नृत्य के साथ अपनी खुशियों का उदगार किया तथा कलेक्टर बीजापुर का शिविर के लिए धन्यवाद प्रगट किया। इस मौके पर एसडीएम जागेश्वर कौशल, जिला शिक्षा अधिकारी एल एल धनेलीया,

उप संचालक कमलेश पटेल, एपीसी जाकिर खान, बीईओ भोपालपटनम कंडिक नारायण, बीआरसी राजेश मिश्रा, एबीईईओ दीपक कोंडरा सहित सभी खेलो के कोच पीटीआई मौजूद रहे।

### ये खेल हैं शामिल

कबड्डी, व्हालीवॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, सॉफ्ट बॉल, जूडो कराते, तैराकी, बैडमिंटन

### खेल के साथ होगा बौद्धिक विकास और एक्सपोजर विजिट

खेल शिविर में बच्चों को खेल के प्रशिक्षण के साथ दोपहर में सामान्य ज्ञान की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी जिसमें बच्चों को करियर गाइडेंस, साइबर क्राइम, फाइनेंस एवं बैंकिंग, हेल्थ हाइजिन, यातायात नियम, पर्यावरण सुरक्षा आदि की जानकारी दी जाएगी। बच्चों को एक्सपोजर विजिट के तहत जिला कार्यालय, जिला पंचायत, जिला अस्पताल, बैंक, पोस्ट ऑफिस, पुलिस विभाग का भ्रमण कर कार्य प्रणाली और व्यवस्था संचालन की जानकारी दी जाएगी।

# गेवरा कोल माइंस में जल्द होगा गेटपास सिस्टम लागू

**कोरबा 12 मई।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा माइंस के कोल स्टॉक बी-2 में दो गुटों में हुई मारपीट के बाद कई प्रकार के सवाल खड़े हुए हैं। इसके साथ ही जवाबदेही तय करने पर भी दबाव बना हुआ है। कर्मचारियों से लेकर ट्रांसपोर्टर के स्टाफ में बने हुए भय को दूर करना जरूरी हो गया है। इधर सीआईएसएफ ने सुरक्षा के मसले पर प्रबंधन से बात की है। कहा गया कि जल्द ही गेटपास सिस्टम लागू किया जाएगा जिससे कि गैरजरूरी लोगों के प्रवेश को सख्ती से रोका जा सके।

गेवरा माइंस दुनिया की दूसरी बड़ी ओपन माइंस है। एसईसीएल में यह अव्वल दर्जे की है। लगातार कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ विभिन्न उपभोक्ताओं की जरूरत यहां से पूरी हो रही है। रोडसेल से दिया जाने वाले कोयला के जरिए कोल लिफ्टर्स और उस पर आश्रित लोगों की जीविका चल रही है और जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। इन सबके बीच ज्यादा कमाने के होड़ के फेर में अनापेक्षित प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गेवरा के बी-2 कोल स्टॉक में हाल के दिनों में मारपीट हुई। जिसमें रूंगटा से जुड़े दो कामगार बुरी तरह से जख्मी हो गए। दीपका पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। घटनाक्रम में खदानों में कोयला का उठाव किए जाने और सुरक्षा से संबंधित मसलों को लेकर चिंता जताई जा रही है। भय के बीच काम हो रहा है लेकिन हर किसी को जीवन की चिंता ज्यादा है, और यह स्वाभाविक भी है।

खबर के अनुसार गेवरा माइंस के कोल स्टॉक में वर्ष 2025 के सबसे बड़े हिंसक घटनाक्रम की खबर कोल इंडिया के साथ-साथ सरकार तक पहुंची है। अलग-अलग माध्यम से होकर जो चीजें अधिकारियों के पास गई है उससे स्थिति गंभीर हो गई। बताया गया कि प्रबंधन का सिरदर्द इससे बढ़ा है। सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा की मजबूती को लेकर प्रबंधन को अहम सुझाव दिए गए हैं और उन पर अमल करने को जरूरी बताया गया है। सूचनाओं में कहा गया कि प्रबंधन को गेवरा माइंस के विभिन्न कोल स्टॉक में काम करने वाले पात्र लोगों के मामले में अलग से गेटपास जारी करना होगा। ऐसा होने पर विधिवत पहचान हो सकेगी कि स्पेसिफिक्र एरिया में जो लोग काम कर रहे हैं वे सत्यापित हैं। गेटपास होने से दूसरे गैर जरूरी पहुंच रोकी जा सकेगी। प्रबंधन ने इस सुझाव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया है और यथाशीघ्र अलग-अलग स्पॉट पर काम करने वाले कोल लिफ्टर्स व संबंधितों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही है।

# माओवादियों ने की कांग्रेसी कार्यकर्ता की निर्मम हत्या

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**आवापल्ली, 12 मई।** माओवादियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेलते हुए उसूर.क्षेत्र के लिंगापुर गांव मे कांग्रेसी कार्यकर्ता नागा भंडारी की निर्ममता पूर्वक धारदार हथियार से हत्या की है घटना रात 11बजे के आसपास बताई गई है घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का आलम है यहाँ बतादें इसके पहले भी माओवादियों ने नागा भडांरी के छोटे भाई तिरूपति भंडारी की भी उसूर के.भरे बाजार मे उसके उचित मूल्य की दूकान पर धारदार हथियार से हत्या कर दी थी अब बडे भाई की हत्या से भंडारी परिवार मे मातम पसर गया है बताया जा रहा है कि नागा भंडारी आवापल्ली से अपने गांव जा रहा था इसी दौरान माओवादियों ने उसे गांव के करीब पकडकर धारदार हथियार से हत्या कर शव को वहीं छोड भाग गये इस घटना से एक बार फिर पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल पैदा हो गया है यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि कुर्रे गुटटा घटना के बाद यह लग रहा था कि माओवादी अब पुलिस फोर्स की कार्यवाही से घबराकर भागने मे लगे है परंतु इस घटना से ऐसा प्रतीक होता है कि माओवादी इतनी जल्दी यहां से पलायन नहीं करेंगे। बहरहाल पुलिस घटना के बाद मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मै लेकर पी एम के.लिए आवापल्ली ला रही है घटना की जाचं मे जुटी है।

### आदिवासी युवती को कथित तौर पर बेचने का मामला: बालको थाना में शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई

**कोरबा 12 मई।** जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला में एक आदिवासी युवती को कथित तौर पर बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता विष्णु मंझवार ने आरोप लगाया है कि गांव का ही रहने वाला सुखनंद उरांव उनकी 21 वर्षीय पुत्री अमृता मंझवार को आठ महीने पहले एक साल के कथित एग्रीमेंट पर पंजाब भेजकर बेच दिया।

पिता विष्णु मंझवार ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी और जब उन्होंने सुखनंद से बेटी के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि ÷बेटी को काम के लिए भेजा गया है। पिता ने बताया कि वे कई बार अपनी बेटी से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन कोई बातचीत नहीं हो सकी। परिजनों में डर और चिंता का माहौल है और उन्हें आशंका है कि बेटी के साथ कुछ अनहोनी हो सकती है। पिता ने बालको थाना में शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

पिता ने मांग की है कि उनकी बेटी को सकुशल वापस लाया जाए और जिन एजेंटों व कथित ठेकेदारों ने यह सौदा किया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से निवेदन है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करें ताकि आदिवासी समाज में विश्वास कायम रह सके। इस मामले में पुलिस ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है या नहीं।

### भोपालपटनम के भद्रकाली में समाधान शिविर का आयोजन

# मूलभूत समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान, 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की मिली सौगात

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 12 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के परिकल्पना को साकार करने जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में सर्वाधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अपनी समस्याओं को निराकृत होते देख जनमानस में हर्षोल्लास व्याप्त है।

भोपालपटनम ब्लॉक के भद्रकाली पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में मूलभूत समस्याओं का निराकरण करते हुए 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणों को मिली जिससे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुशासन का सूर्योदय हो चुका है। स्वीकृत निर्माण कार्यों में 14.20 लाख के प्राथमिक शाला भद्रकाली में बनेगा। वहीं रेगुड़ा में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, कोण्डामौसम में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, मंदिर से संगम स्थल तक 11 लाख की लागत से 3मीटर स्पॉन पुलिया एवं कन्या आश्रम भद्रकाली में 4.70 लाख की लागत से 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया की प्रशासकीय स्वीकृति की घोषणा समाधान शिविर के माध्यम से की गई।

शिविर के माध्यम से पंचायत, राजस्व, पशुधन, मत्स्य, खाद्य, स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, शिक्षा, जल संसाधन, उद्यान सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निराकरण त्वरित किया गया। वहीं लाभान्वित हितग्राहियों में एक हितग्राही को मत्स्य विभाग द्वारा जाल वितरण किया गया। इसी तरह तीन हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र, 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कुरसम पेंटक्का, कुरशम शांता, पोचक्का अरगेल, कुरसम सुनीता एवं जगबंधु जंगम ने नए आवास की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया एवं सुशासन तिहार के सफ्ल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, ने उपस्थित जनसमुदाय को शासन के योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। वहीं अधिकारियों द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी को भलिभांति समझने और गांव में अपने परिजनो को भी लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करने को कहा।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने समाधान शिविर के सभी स्थलों का बारी-बारी से अवलोकन करते हुए आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 10वीं और 12वीं के टॉपर राजस्व मंत्री के हाथों हुए सम्मानित

- हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में जिले ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि
- कक्षा 10वी के परिणाम में 13 प्रतिशत व कक्षा 12वीं में 10 प्रतिशत की वृद्धि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में कक्षा 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 5 होनहार छात्रों को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। सम्मानित होने वाले छात्रों में कक्षा 10 वी के लिव्यांश देवांगन 99.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कंचनबाला गेण्डरे 98.33 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं साक्षी अग्रवाल 98.00 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान एवं कक्षा 12 वी के हिमेश कुमार यादव 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान एवं लूभी साहु 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, डीईओ हिमांशु भारतीय, जिला स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष रामाधार पटेल सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कक्षा 10 वीं का परिणाम 81.69 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं में लगभग 13 प्रतिशत (12.9 प्रतिशत) की वृध्दि और कक्षा 12वीं में लगभग 10 प्रतिशत (9.64 प्रतिशत) की वृध्दि हुई है। जिले में पहली बार विद्यार्थी उत्तीर्ण प्रतिशत में बड़ी वृद्धि प्राप्त हुई है। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 17252 पंजीकृत हुये। इनमें से 7315 बालक, 9568 बालिकायें कुल 16883 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 16852 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 13768 है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 6319, द्वितीय श्रेणी 6594 तथा तृतीय श्रेणी 855 प्राप्त किये। 685 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 2399 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल 11316 पंजीकृत हुये। इनमें से 4651 बालक, 6576 बालिकायें कुल 11227 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये जिनमें से 11217 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सख्या 9704 है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 5267. द्वितीय श्रेणी 4167 तथा तृतीय श्रेणी 270 प्राप्त किये। 878 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 635 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे।



बेहतर परिणाम के लिए यह रणनीति हुई कारगर- कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले 10 वीं एवं 12 बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रणनीति तैयार की गईजुलाई माह से ही प्रतिमाह ईकाई मूल्यांकन कराया गया जिसमें प्रश्न पत्र जिला स्तर में गठित विशेषज्ञ टीम द्वारा भेजा जाता रहा है। प्रतिमाह ईकाई मूल्यांकन से प्रगति की समीक्षा की जाती रही है।सितंबर माह में तिमाही परीक्षा और दिसंबर माह में छमाही परीक्षा जिला स्तर से आयोजित की गई।

विद्यालयवार तिमाही की तुलना में छ. माही परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गयी और कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों को चिन्हांकित कर एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को उत्स विषय में उत्तीर्ण होने के तरीके बताये गये।10 जनवरी तक सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराना सुनिश्चित किया गया और 10 जनवरी से 26 जनवरी तक पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति कराया गया। सभी प्राचार्यों को जिला स्तर से प्रश्न बैंक तैयार कर वितरित किया गया और महत्वपूर्ण प्रश्नों को बार-बार हल कराने का अभ्यास कराया गया।

प्री बोर्ड परीक्षा में पूरे पाठ्यक्रम पर ब्लू प्रिंट के आधार पर बोर्ड पैटर्न में प्रश्न पत्र तैयार कराया गया। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अन्य विद्यालय के व्याख्याताओं से कराया गया। प्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आधार पर 50 कमजोर परिणाम देने वाले विद्यालय को विद्यार्थियों को विषय की कठिनाई के आधार पर उपचारात्मक शिक्षा दी गई। अच्छा परिणाम देने वाले प्राचार्य और कमजोर परिणाम देने वाले प्राचायो का ग्रुप बनाय गया। अपने अच्छे शिक्षकों को कुछ दिवस के लिये विषय विशेषज्ञा न होने वाले विद्यालयों अध्यापन के लिये भेजा गया।प्री बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रावीण्य सूची में स्था बनाने के लिए विषय विशेषज्ञ का व्हाट्अप ग्रुप बनाया गया जिसमे विषयक आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों को जोडा गया। विद्यार्थी किसी भी समय विशेषज्ञ टीम अपने डाउट क्लीयर करने व नये प्रश्न करने का अवसर दिया गया। इस कारण प्रावीण्य सूची में 5 विद्यार्थियों ने स्थान अर्जित किया।

## समाचार संक्षेप

# मनरेगा से कुंआ निर्माण बना स्थायी सिंचाई का साधन

## धान सहित सब्जी की खेती भी लगी लहलहाने



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** मनरेगा अंतर्गत खेत में कुंआ निर्माण से फसल के लिए सिंचाई की स्थाई सुविधा मिली जिससे धान के साथ सब्जी की खेती से किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

तहसील लवन अंतर्गत ग्राम मुंडा निवासी किसान लक्ष्मी बाई ने बताया कि खेती के लिए केवल वर्षा जल के अलावा कोई सिंचाई का साधन नहीं था।पानी का स्थाई साधन नहीं होने से धान की पैदावार प्रभावित होती थी। साल भर कड़ी मेहनत करने के बाद भी 5 एकड़ खेत में 39 -35 क्विंटल धान की उपज होती थी। बड़ी मुश्किल से परिवार का गुजर बसर हो रहा था। उनकी समस्याओं को देखते हुए सरपंच ने अपनी भूमि पर कुंआ निर्माण कराने की सलाह दी। मनरेगा योजना के तहत उन्हें कुंआ निर्माण हेतु 2लाख 70 हजार रुपये स्वीकृत हुई जिससे उनकी जमीन पर कुंआ निर्माण कराया गया। कुंआ निर्माण से सिंचाई का स्थाई साधन मिला और बारिश की पानी पर निर्भरता समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि कुंआ में पानी पर्याप्त होने से फसलों की पैदावार में वृद्धि हुई और इस अब उनकी जमीन से 50- 55 क्विंटल धान की पैदावार हो रही है। कुंआ निर्माण हो जाने से पेयजल के लिए भी दूर जाना नहीं पड़ रहा है। उन्होंने मनरेगा के तहत कुंआ निर्माण को वरदान बताया। अब लक्ष्मी बाई एक खुशहाल जीवन बिता रहे है।

## एक नजर

### डमरू में महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 11 मई को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम डमरू गांधी सागर तालाब पार में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम डहरू राम रात्रे उम्र 60 साल निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली है।

### प्रयास विद्यालय प्राक्चयन मॉडल उत्तर के लिए दावा-आपत्ति 15 मई तक

**बलौदाबाजार, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रयास आवासीय विद्यालय के सत्र 2025- 26 की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है। मॉडल उत्तर के सबंध में विद्यार्थी या पालक 15 मई 2025 तक दावा- आपत्ति हेतु आवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में दे सकते हैं।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 15 मई तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत ग्राम पंचायत परसाभदेर (ख), ढनढनी, पहंदा, कोकड़ी, रिसदा एवं पनगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉ एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार में 15 मई 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त आवेदन अथवा अपूर्ण आवेदन एवं दस्तावेज रहित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

# छुरा जंगल में मिले दो मृत तेंदुओं के अवशेष, शिकार की आशंका

## तेंदुआ की खाल, नाखून गायब, बाकी अवशेष के सड़ने से आ रही थी भारी दुर्गन्ध

- सबसे बड़ा सवाल यह है कि लगातार गरियाबंद वनमंडल में जंगली जानवरों की अकाल मृत्यु क्यों हो रही है?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 12 मई।** गरियाबंद वन मंडल के छुरा वनपरिक्षेत्र के ग्राम भरुवामुड़ा पंडरीपानी जंगल मे दो तेंदुआ के सडी गली अवशेष मिलने की खबर से वन विभाग मे खलबली मच गई है। दोनों मृत तेंदुआ का खाल नाखुन सहित अन्य अवशेष गायब मिले तीन दिन पहले तेंदु पत्ता तोड़ने गये ग्रामीणों ने 500 मीटर की दुरी पर दोनों तेंदुए का शव को देखा एक तेंदुआ जंगल मे पहाड़ी के नीचे पड़ा था तो वही दूसरा मृत तेंदुआ का पहाड़ी के ऊपर गुफा के बाहर शव मिला। लेकिन डर की वजह से ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को नहीं दी किसी ग्रामीण ने मृत तेंदुए का वीडियो बना कर वायरल कर दिया जिसके बाद ज़ब मीडिया वालो ने वहा जाकर देखा तो तेंदुए का खाल नाखुन सहित अन्य अवशेष गायब थे दोनों तेंदुए का एक ही दिन मे मौत कई सवालों को खड़ा करता है।



मृत तेंदुए की सड़ जाने से भारी दुर्गन्ध आ रही थी वही घटना की जानकारी मिडिया के द्वारा दिये जाने के बाद वन विभाग हरकत मे आया और आनन फानन मे वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा उपमंडल अधिकारी राजिम अपने कर्मचारियों व डॉक्टर को लेकर घटना स्थल पहुंचे और दोनों जगह से बचे हुए अवशेष को जांच के लिया गया जिसके बाद वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह भी घटना स्थल पहुंच कर हर एंगल से घटना स्थल का निरक्षण कर उपस्थित अधिकारियो कर्मचारियों को सूक्ष्म जांच करने के निर्देश देते हुए ये आशंका जताया की साथ वन्य प्राणी की सूचना बोर्ड बनाने एवं आसपास के गांवो मे मुनादी कराने के साथ घटना की सूचना की जानकारी देने वाले को 10, 000 रूपये का इनाम देने की घोषणा की साथ उन्होंने कहा की प्रथम दृष्टिया देखने से यह प्रतीत होता है की यह जो तेंदुआ मरा है वह दो नहीं है एक ही है और तेंदुआ के शव को हो सकता है लकड़बगघा ने उसका भक्षण किया होगा लेकिन ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया की मृत तेंदुआ एक नहीं दो था बहरहाल मृत तेंदुआ एक था या दो था ये तो डॉक्टरो द्वारा लिये गये मृत तेंदुआ के बचे अवशेष की जांच से पता चल जायेगा।

सबसे बड़ा सवाल यह है की लगातार गरियाबंद वनमंडल मे जंगली जानवरो की आकाल मृत्यु जांच का विषय है ?

# बिना अनुमति बोर खनन पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई,वाहन जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** बिना अनुमति के बोर खनन करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को किसान द्वारा अपने खेत में बिना अनुमति के बोर खनन कराते पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम ने बोर खनन कार्य बंद कराया और मौके से बोर खनन वाहन एवं सहायक वाहन को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम लकडिया में किसान सहदेव पिता धनसिंग बघेल के खेत पर बिना अनुमति के बोर खनन वाहन क्रमांक KA-01-NV-6599 वाहन चालक जिला मुंगेली निवासी रमेश कुमार एवं सहायक वाहन क्रमांक CG-04-NZ-9891 चालक राहुल सिंह के द्वारा किया जा रहा था। मौके पर एसडीएम पलारी दीपक निकुंज एवं तहसीलदार सहित राजस्व की टीम ने बोर खनन अनुमति सम्बंधित दस्तावेज की मांग की लेकिन कोई दास्तावेज पेश नहीं करने पर बोर खनन वाहन एवं सहायक वाहन को जब्त कर थाना प्रभारी पलारी के सुपुर्द किया गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोने ने जिले में 30 जून 2025 तक बोर खनन पर प्रतिबन्ध लगाया है। इस अवधि में बोर खनन के लिए एसडीएम से विधिवत अनुमति लेना होगा। बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्रवाई होगी।

## प्रतिभा में निखार लाकर विभिन्न खेलों में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन :खेल मंत्री वर्मा

**बलौदाबाजार, 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में समर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण भी किया। यह समर कैम्प 8 मई से 6 जून 2025 तक प्रतिदिन सुबह और शाम 2- 2 घण्टे चलेगा।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट एवं गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों होती है और जिंदगी एक खेल है इसलिए खेलना जरुरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे समर कैम्प में अपनी प्रतिभा को निखारें और बेहतर प्रदर्शन हेतु सक्षम बने। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को खेल में आगे बढ़ाने के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार कर रही है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ओलम्पिक में गोल्ड मैडल लाने पर 3 करोड़, सिल्वर मैडल पर 2 करोड़ एवं ब्रोज मैडल पर 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। खेल मंत्री ने बताया कि जिले को खेलों इंडिया के तहत फुटबाल के लिए चयनित किया गया हैं। जिले के खिलाडी फूटबाल के साथ अन्य खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

कांक्रिट नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन - राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज बलौदाबाजार प्रवास के दौरान सर्किट हॉउस के पीछे कांक्रिट नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना कर किया। यह कार्य करीब 18 लाख रुपये की लागत से नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, पार्षद प्रिया शशिभूषण शुक्ला, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी व बच्चे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बल्दाकछार में दी कई सौगातें

# महानदी में होगा तटबंध निर्माण व चौक में लगेगी हाई मास्ट लाइट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का चौपाल आज कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार में लगा।मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के बारे में ग्रामीणों से फीड बैक लिया और शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत से रु -ब -रु हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम बल्दाकछार में महानदी के बहाव से नदी के तट को कटने से बचाव के लिए तटबंध निर्माण एवं गांव के चौक में हाई मास्ट लाइट की घोषणा की। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग पर बल्दाकछार में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने, महानदी में एनिकट निर्माण हेतु जांच कराने, नवापारा अभयारण्य में जंगल सफारी के लिए सफारी वाहन चलाने हेतु ड्राइवर की ट्रेनिंग देकर रोजगार देने की बात कही।

मुख्य्मंत्री साय ने कहा कि लोगों की समस्याएं और सरकारी योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक हो रही है कि नहीं इसी को जानने सुशासन तिहार में अधिकारियो के साथ आप लोगों के घर तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को आवास का लाभ देने के लिए आवास 2.0 का सर्वे जारी है। इसमें सभी पात्र हितग्राही अपना पंजीयन कराएं। अब सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि 5 एकड़ असिंचित या 2.5 एकड सिंचित भूमि का मालिक व बाइक वाला भी आवास के लिए पात्र होगा। महतारी वंदन योजना के लिए नवीन पंजीयन हेतु पुनः पोर्टल शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., कलेक्टर दीपक सोनी पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच रमेश कुमार ध्रुव सहित, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया अटल डिजिटल केंद्र का अवलोकन



- बल्दाकछार में भी पहुंची डिजिटल लेन- देन की सुविधा
- बल्दाकछार की बिसनी बाई ध्रुव एवं घिरघोल की सविता ने अपने बैंक खाते से निकाली राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कसडोल विकासखंड के बल्दाकछार प्रवास के दौरान अटल डिजिटल सेवा केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र संचालक व्हीएलई रोशन लाल पटेल से संचालन एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान बल्दाकछार की बिसनी बाई ध्रुव एवं घिरघोल की सविता ने अपने बैंक खाते से एक- एक हजार रुपये आहरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों को अधिक से अधिक- सुविधा मुहैया कराने प्रतिबद्ध है। अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू होने से अब बैक जाना नहीं पड़ेगा, बैंकिंग सहित अन्य सुविधाएं यहीं से मिल जाएगगी। उन्होंने ग्रामीणों को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का लाभ लेने कहा।

बिसनी बाई ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खुल जाने से बहुत सुविधा हो रही है। अब गांव में रोजी मजदूरी करने के बाद थोड़ा समय मिलने पर सुविधा केंद्र से पैसा निकाल लेते हैं।

**व्हीएलई रोशन पटेल ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बल्दाकछार का शुभारंभः** पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल 2025 को हुआ है। इस केंद्र में नागरिक सुविधाएं अंतर्गत जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं, सीएससी आईडी, वित्तीय सेवाएं अंतर्गत नगद आहारण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पेंशन, पैन कार्ड, तथा सीएससी सेवाएं अंतर्गत सरकारी योजनाओ का पंजीयन, पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा टिकट बुकिंग, ई -डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

## सुशासन तिहार का आयोजन जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा

# शिविरों में यातायात नियमों की दी गई जानकारी, लोगों को बांटे गए हेलमेट

- कार्यक्रम में आमजनों को 'समाधान सेल' एवं इसके उद्देश्यों के संबंध में दी जा रही है लगातार जानकारी
- शिकायत, समस्या अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में देने के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मई।** प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा श्रीमति भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों को यातायात नियमों के संबंध में लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ किए गए ÷समाधान सेल÷ एवं इसके उद्देश्यों के संबंध में भी लगातार जानकारी दी जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं आमजनों को सड़क दुर्घटना से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविर में आने वाले आमजनों को यातायात नियमों की जानकारी दिया जा रहाहै। इसके साथ पुलिस टीम द्वारा आमजनों को हेलमेट भी वितरण किया जा रहा है।




सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम के दौरान भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में प्रारंभ किये गये समाधान सेल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। लोगों को इसके उद्देश्य के संबंध में जानकारी देकर बताया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल में दिए गए हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप एवं कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है, जिसमें जानकारी देने वाले का नाम एवं पता सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा। समाधान सेल में की गई शिकायत का तुरंत निराकरण भी किया जाएगा। समाधान सेल का मुख्य उद्देश्य आम जनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाना है। इस संबंध में सुशासन तिहार शिविरों में लोगों को पाम्पलेट के जरिए समाधान सेल के संबंध में जानकारी देकर पुलिस संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी ÷समाधान सेल÷ में देने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एक नजर

### थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब का शुभारंभ



**रायपुर, 12 मई।** अवंती विहार मुख्य मार्ग स्थित थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब का भव्य शुभारंभ आज अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी द्वारा फीता काटकर किया गया। लैब के संचालक दीपक एवं सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी की जांच व्यापारियों के लिए कम दरों पर की जाएगी साथ ही घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध रहेगी। राठी ने कहा कि इस लैब के शुभारंभ से अवंती विहार एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिको को अपने स्वास्थ्य को लेकर कराए जाने वाले चेकअप की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पाएगी ,शुभारंभ में प्रमुख रूप से संघ के महामंत्री किशोरचंद्र नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, भाजपा नेता विकास मिश्रा, अजय पणिकर, राधेश्याम शर्मा, बिंदिया अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राजभवन की सर्व धर्म सभा में सकल जैन समाज का संकल्प राष्ट्र धर्म सर्वोपरि



**रायपुर, 12 मई।** राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका के निर्देश पर आयोजित सर्व धर्म सभा में छत्तीसगढ़ सकल जैन समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने भाग लिया । सकल जैन समाज के प्रतिनिधि चन्द्रेश शाह ने उदबोधन में कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना से देश स्तब्ध व उत्तेजित है सकल जैन समाज इस घटना की कठोर निन्दा करता है । देश की सरकार व सेना ने आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिन्दूर कर करारा जवाब दिया है । जैन समाज राष्ट्र सेवा में तन मन धन से सहभागिता हेतु तत्पर है । राज्यपाल श्री डेका व मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से चर्चा में सकल जैन समाज के प्रतिनिधि सुपारस गोलछा महेन्द्र कोचर विजय चोपड़ा ने आगे कहा कि भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो विश्व शान्ति हेतु आज भी प्रासंगिक है । अनेकांतवाद व अहिंसा परमो धर्म ही विश्व शान्ति का मूलमंत्र है । कोचर व चोपड़ा ने चर्चा में कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में देश के नागरिकों ने एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया है । हमारी सेना ने अदम्य साहस , शौर्य व सटीक कार्यशैली का परिचय दिया है । सकल जैन समाज देश के नेतृत्व नरेन्द्र मोदी व सेना के साथ तन मन धन से साथ है । जैन समाज की ओर से चन्द्रेश शाह सुपारस गोलछा महेन्द्र कोचर विजय चोपड़ा नरेश सिघई यशवंत जैन पदम डाकलिया ने प्रतिनिधित्व किया।


### खनिज विभाग की कार्रवाई से बिल्डिंग सप्लायरों ने रेत का परिवहन बंद किया

**रायपुर,12 मई।** खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खन्न के विरूद्ध कार्रवाई के विरूद्ध बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एकजुट हो गए हैं। जिसके कारण फिलहाल गिट्टी और रेती आपूर्ति प्रभावित हो रही है परिणाम स्वरूप भवन निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। मटेरियल सप्लायर से मिली जानकारी के अनुसार इस समय राजिम के पास कोड़ेबोड़ तथा अन्य खदानों से रेत निकालने का काम बंद कराया दिया गया है। जिसके कारण गिट्टी लाने वाले ट्रक अब रेत नहीं ला रहे हैं, जिसके कारण सप्लायरों को घाटा हो रहा है। यह काम पिछले एक सप्ताह से बंद है, राजधानी भवन निर्माण का काम धड़ल्ले से चल रहा है। रेत की आपूर्ति बंद होने से यह कार्य प्रभावित हो रहा है। आज हड़ताल समाप्त होने वाली थी, लेकिन आज भी यह हड़ताल समाप्त नहीं हुई है। रेती को लेकर भवन निर्माता एवं सप्लायर परेशान है। इस समय महासमुंद, आरंग के पास के घाट से रेत आ रही है। इस समय प्लास्टर रेती और जुड़ाई वाली रेती का भाव बढ़ा हुआ है। इस समय ट्राली जिसमें 120 फीट रेती आती है, इस का भाव 3000 से बढ़कार ज्यादा हो गया है, वहीं आटो में भी आने वाली रेती बढ़ गया है।

### दो वार्डो को करोड़ों के विकास कार्यो की सौगात

**रायपुर,12 मई।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल और संत रामदास वार्ड में 1 करोड़ 18 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से 6 विविध नवीन विकास कार्यो को शीघ्र कराये जाने भूमिपूजन किया गया। नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद भोलाराम साहू, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, निगम जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, निगम अपर आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ यू. एस. अग्रवाल, प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, अतुल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं उपस्थित थे।

मेडिकल कचरा...



**रायपुर। मानवाधिकारों की रक्षा करने वाले मानवाधिकार आयोग के दफ्तर के सामने बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट का अंबार लगा हुआ है। इस दफ्तर के बाजू में ही डीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्थित है। स्वच्छ हवा में सांस लेने के अधिकार को यह मेडिकल कचरा नष्ट कर रहा है।**

# समायोजन के फैसले से खुश बी.एड. सहायक शिक्षकों ने निकाली आभार रैली




**रायपुर, 12 मई।** साय कैबिनेट की 30 अप्रैल को हुई बैठक में बर्खास्त 2,621 बी.एड. डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई. सभी सहायक शिक्षकों के समायोजन किए जानें का फैसला लिया गया. राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) के पद पर समायोजन किए जाने के निर्णय को लेकर आज रायपुर में हजारों की संख्या में शिक्षकों ने आभार रैली निकाली. इस दौरान शिक्षकों ने थैंक्यू थैंक्यू सीएम जी' नारे लगाए. राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम से लेकर सुभाष स्टेडियम तक यह रैली निकाली गई. इस आभार रैली में प्रदेश के कोने-कोने से सहायक शिक्षक शामिल होने के लिए पहुंचे. शिक्षकों ने समायोजन के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही समायोजन प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की मांग भी दोहराई. रैली में उमड़े अभूतपूर्व जनसैलाब ने यह साफ कर दिया कि प्रदेश के बी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक सरकार के साथ सहयोग करने को पूरी तरह तैयार हैं. वे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि इसकी मजबूती में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहरा रहे हैं।

## चेहरे के दर्द से मरीजों को मिलेगी मुक्ति

**रायपुर, 12 मई।** ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीड़ित मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. घनश्याम ससापारधी ने सफलतापूर्वक माइक्रोवैस्कुलर डिकंप्रेशन सर्जरी की है। यह एक उच्च विशेषज्ञता वाली, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी है जो ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से होने वाले अत्यंत पीड़ादायक चेहरे के दर्द से स्थायी राहत प्रदान करती है। ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया एक पुरानी स्थिति है जिसमें चेहरे के एक तरफ अचानक, तीव्र और झटके जैसे दर्द होते हैं। यह स्थिति आमतौर पर ट्राइजेमिनल नर्व पर आस-पास की रक्त वाहिकाओं के दबाव के कारण होती है। हालांकि, दवाओं को इलाज की पहली पंक्ति माना जाता है, लेकिन कई मरीजों को उनसे राहत नहीं मिलती या दवाओं के दुष्प्रभाव होते हैं, जिसके चलते सर्जरी की आवश्यकता होती है।

# सुशासन त्यौहार में मिले आवेदनों पर समुचित कार्रवाई नहीं: कांग्रेस

**रायपुर, 12 मई।** सुशासन त्योहार के आवेदनो की कार्यवाही को सरकार अपने वेवसाईट मे सार्वजनिक करे कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया की सरकार को मिले 95 प्रतिशत आवेदनो को संबधित विभाग को भेज कर निराकृत होने का दावा किया जा रहा किसी भी आवेदन पर समुचित कार्यवाही नहीं की गयी साय सरकार का सुशासन त्योर प्लॉप साबित हुआ है।सुशासन त्योहार पर मिले आवेदनो सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से सम्बंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। फिर कहां है सुशासन? ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है, परिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है? कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए सुशासन है कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार जोरों पर है। कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भाजपा के बिचौलिया न हो। डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है।

# खुदरा व्यापार पर कब्ज़े की साज़िश के खिलाफ 16 मई को राष्ट्रीय संगोष्ठी

**रायपुर, 12 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत के लगभग ?140 लाख करोड़ सालाना के जीवंत खुदरा व्यापार पर कब्ज़ा जमाने की कोशिश कर रही ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की चालों का सामना करने हेतु 16 मई 2025 को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर के 100 से अधिक व्यापारिक नेता हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा किया जा रहा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी कांफ्रेंस में इस मुद्दे पर मुख्य वक्तव्य देगीं। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षड्यंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। पारवानी एवं जैन ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज़, एफएमसीजी, कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुँचाया हैं।

वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों को भी ये कंपनियाँ कब्जाने की कोशिश में जुटी हैं। पारवानी एवं जैन ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी दाँतों तले विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ़्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी, जिससे निकली रणनीति के आधार पर देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान की शुरुआत की जाएगी।

## उत्कर्ष अभियान ने आबा जनजातीय के विकास को दी नई ऊंचाई

**रायपुर, 12 मई।** भारतीय लोक प्रशासनिक संस्थान छत्तीसगढ़, क्षेत्रीय शाखा रायपुर के तत्वावधान में आज छत्तीसगढ़ में आदिम जाति विकास में चुनौतियां विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने आदिम जाति वर्ग विशेषकर पिछड़ी जनजातियों (पीजीटीव्ही) के विकास को ऊंचाई प्रदान करते हुए एक नई दशा-दिशा प्रदान की है। प्रमुख सचिव बोरा ने केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से आदिम जाति कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की सफ्लता और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन वर्गों के विकास में बाधा बनने वाले प्रमुख चुनौतियों की भी जानकारी दी। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रमुख रूप से 43 जनजातियां हैं, इनमें अलग-अलग उपजातिया भी शामिल है तथा राज्य में अबूझमाड़, बैगा, कमार, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में चिन्हांकित है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टिकोण से जंगल का नाम आते ही हमारे मन में बस्तर और सरगुजा की छाप दिखाई देने लगती है।

मैदानी क्षेत्रों के अलावा यदि हम दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजाति वर्ग के विकास की बात करें तो चुनौती और अवसर प्रमुख बिन्दु हैं। अलग-अलग क्षेत्र में निवास करने वाले आदिम जाति वर्ग के परिवारों की अलग-अलग चुनौतियां है, कहीं शिक्षा तो कहीं जागरूकता की चुनौतियां है। वहीं बहुत से स्थानों पर अवसर नहीं मिलने के कारण विकास के राष्ट्रीय इंडेक्स में पिछड़ जाते हैं। प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 146 विकासखण्ड में से 85 विकासखण्ड अनुसूचित क्षेत्र है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए राज्य के 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6691 आदिवासी बहुल गांव का चयन किया गया है।

# नगर निगमों में अपर, जोन और उपायुक्त बनेंगे प्रशासनिक अफसर



**रायपुर, 12 मई।** बडे बजट वाले नगर निगमों में अपर आयुक्त, जोन आयुक्त और उपायुक्त के पद पर प्रशासनिक अफसरों की तैनाती पर विचार किया जा रहा है। इसकी शुरुवात राज्य के बडे नगर निगमों से की जा सकती है। वैसे पहले भी इअस पर प्रयोग हो चुका है। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से नगर निगमों के काम काज में कसावट आयेगी।

जानकार सूत्रों के अनुसार नई प्रशासनिक व्यवस्था के तहत नगर निगम रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अफसरों को बैठाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। सुशासन तिहार समाप्त होने के बाद संभवतः इसी महीने रायपुर नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी में डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हो सकती है। बताया गया कि अकेले रायपुर निगम में ही राप्रसे से तकरीबन 15 अफसर आ सकते हैं, इसके अच्छे नतीजे आने पर अन्य नगर निगमों में भी प्रशासनिक अफसरों की तैनाअती शुरु हो जाएगी। वैसे रायपुर नगर निगम में इसकी शुरुआत तत्कालीन नगर निगम आयुक्त ओपी चौधरी के समय तारनप्रकाश सिन्हा और उसके बाद पुलक भट्टाचार्य की नियुक्ति के साथ हुई थी। इनके बाद अरविंद शर्मा यहां उपायुक्त राजस्व के पद पर नियुक्त हुए थे। इनमें से श्री सिन्हा ने बाद में निगम आयुक्त के रूप में भी यहां काम किया था। अभी निगम में राज्य प्रशासनिक सेवा से अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्रप्रसाद गुप्ता और उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा काम कर रही हैं। बताते चलें नगर निगम में अभी जोन कमिश्नर के रूप में नगरपालिका सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके ग्रेड पे और जोन में काम कर रहे कार्यपालन अभियंता के ग्रेड पे और पद में भी काफी असमानता है। अभी जोन कमिश्नर जहां क्लास 2 रैंक के अधिकारी वर्ग में आ रहे हैं, वहीं कार्यपालन अभियंता का रैंक क्लास-1अफसर का है। यह एक विडम्बना है कि रैंक 2 के नीचे रैंक 1 अफसर इन दिनों काम कर रहे है। नगर निगम में एमबीबीएस या आयुर्वेद अधिकारी का ही प्रावधान किया गया है, लेकिन अभी यहां पिछले कई साल से होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी को बतौर स्वास्थ्य एवं सफाई अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर भी संचालनालय स्तर पर चर्चा छिड़ चुकी है। रायपुर नगर निगम में अभी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और डॉ. दिव्या चंद्रवंशी दो होम्योपैथी महिला चिकित्सा अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। इसीलिए माना जा रहा है कि प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर में इसकी शुरुआत जल्द शुरु कर दी जाएगी। खबर है कि इसका प्रस्ताव नगरीय प्रशासन संचालनालय ने 21 अप्रैल को अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा है। अवर सचिव को भेजे गये पत्र में नगरीय प्रशासन संचालनालय ने माना कि राज्य नगरपालिका सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति से बड़े निगमों में काम प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में ये अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर अपर आयुक्त, उपायुक्त और जोन आयुक्त के पद पर हैं।

## समाचार संक्षेप



**रायपुर। महाप्रभु श्रीजगन्नाथ जी को 11 मई की शाम 5 से 6 बजे तक महादेव घाट खारून नदी में नौका विहार कराया गया। शाम को भव्य महाआरती की गई।**

## न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम में दी गई रिसर्च की जानकारी



**रायपुर, 12 मई।** न्यूट्रिशिल्प और नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम रायपुर में अत्यंत सफल रहा। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से लगभग 60 डाइटिशियन और न्यूट्रिशन प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और न्यूट्रिशन क्षेत्र में अपने ज्ञान को नई दिशा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यूट्रिशनिस्ट्स को आधुनिक विज्ञान, रिसर्च और क्लिनिकल प्रैक्टिस से जोड़ना था, ताकि वे अपने प्रोफेशनल करियर में और भी प्रभावशाली भूमिका निभा सके। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 7 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने थ्योरी से लेकर केस स्टडी, डेमोंस्ट्रेशन और इंटरेक्टिव सेशन्स का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में देश के तीन प्रमुख न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स ने अपने विषयों पर मार्गदर्शन दिया। मुंबई डाइट एंड हेल्थ सेंटर से जुड़ीं वरिष्ठ डाइटिशियन शिल्पा जोशी ने जानकारी दी। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (मुंबई) के चीफ क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट शिवशंकर तिम्मनपयती ने क्लिनिकल केस और रणनीतियां साझा की। व कार्यक्रम में भाग लेने वाले डाइटिशियन ने इस आयोजन को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रैक्टिकल बताया। सभी विशेषज्ञों से सीधे सीखने का अवसर मिलना, खासकर ऑनकोलॉजी और न्यूट्रिजेनोमिक्स जैसे जटिल विषयों पर, एक दुर्लभ अनुभव था। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

## विप्रों ने की नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की रूपरेखा पर चर्चा



**रायपुर, 12 मई।** होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा व महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने संयुक्त रूप से की. इस बेठक में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने एसके केयर हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं भोजन प्रसादी की तैयारी व रूपरेखा पर चर्चा की गयी. प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक में आतंकवाद और पाकिस्तान के नापाक कृत्यों की निंदा की और देश के वीर सैनिकों के पराक्रम की सराहना की. इस अवसर पर सभी सदस्यों ने भारत के समक्ष आतंकवाद और भारत - पाकिस्तान युद्ध के हालात पर संक्षिप्त में अपने विचार रखे. सबसे उत्कृष्ट विचार हेतु प्रथम पुरस्कार से अजय अवस्थी एवं द्वितीय पुरस्कार से अरविन्द ओझा को सम्मानित किया गया. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रहित संगठित होकर एकजुटता से कार्य करने की आवश्यकता है. महाआरती के कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित 1100 दीपों से महाआरती के कार्ययोजना से अवगत कराया एवं सभी से सहभागिता की अपील की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26